• जयपुर, शनिवार, 31 अगस्त 24 • वर्ष 14 • अंक 16 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 रेलवे आवासों एवं कॉलोनी की समस्याओं को लेकर किया विरोध प्रदर्शन...

पेज @4 स्टेट लेवल पुलिस ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस का समापन...

पेज @8 समाज में विभाजन को लेकर वर्ग विशेष के लोगों को किया जा रहा है...

# अगले 5 वर्षों में राजस्थान बनेगा 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## राजस्थान सरकार ने राज्य में निवेश के लिए 4.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू (MoUs) पर हस्ताक्षर किए

## 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का पहला 'इन्वेस्टर मीट' मुंबई में आयोजित हुआ

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 30 अगस्त ।** 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का पहला 'इन्वेस्टर मीट' आज भारत की वाणिज्यिक राजधानी मुंबई में माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस 'इन्वेस्टर मीट' के दौरान राजस्थान में निवेश के लिए राज्य सरकार के ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन और विभिन्न उद्योगपतियों के बीच 4.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू (टङ्कव२) पर हस्ताक्षर किए गए। माननीय मुख्यमंत्री के अलावा राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

इस 'इन्वेस्टर मीट' में उद्योग एवं व्यापार जगत की कई जानी-मानी हस्तियां शामिल हुए और इस दौरान अक्षय ऊर्जा, सीमेंट, केमिकल्स और पेट्रोकेमिकल्स, नागरिक उड्डयन और आईटीआई के अपग्रेडेशन जैसे कई क्षेत्रों में निवेश के लिए एमओयू (टङ्कव२) किया गया। प्रदेश में निवेश के लिए जिन प्रमुख भारतीय कंपनियों और औद्योगिक समूहों ने सरकार के साथ एमओयू (टङ्कव२) किया, उनमें अदानी ग्रुप, वेदांता ग्रुप, जेएसडब्लू ग्रुप, टाटा ग्रुप, वारी ग्रुप, डालमिया ग्रुप और स्टार सीमेंट वगैरह शामिल हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 की आधिकारिक वेबसाइट - https://rising.rajasthan.gov.in/ भी लॉन्च की।










### राज्य में उद्योग-धंधे लगाने के लिए निवेशकों और कारोबारियों को आमंत्रण

इस 'इन्वेस्टर मीट' में बोलते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा, ''2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 'विकसित राजस्थान' का होना जरूरी है। राजस्थान अपार संभावनाओं से लैस प्रदेश है जहां प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक संसाधन हैं। इसके अलावा हमारे राज्य में स्किल्ड वर्कफोर्स की भरमार है और यहां निवेश के असीमित अवसर हैं। मैं निवेशक समुदाय, कॉरपोरेट्स और बाकी अन्य संस्थानों को हमारे खूबसूरत राज्य में आने के लिए आमंत्रित करता हूं। आइए और राजस्थान सरकार की निवेशकों के अनुकूल नेक्स्ट जेनरेशन नीतियों का लाभ उठाइए।''

### 4.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के बारे में बोलते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा, ''समिट के पहले 'इन्वेस्टर मीट' में ही हमने राज्य में 4.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश हेतु एमओयू (टङ्कव२) पर आज हस्ताक्षर किए हैं। निवेशकों और उद्योग जगत का दृढ़ विश्वास यह बताता है कि राजस्थान में संभावनाएं अपार हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि अगले 5 वर्षों में ही हम राज्य को 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बना सकने में सक्षम होंगे।''

### राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (RIPS) को दिया गया नया स्वरूप

इस अवसर पर राजस्थान सरकार के उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौर ने कहा, ''राजस्थान में केवल एक ही वीआईपी है, वह है राजस्थान में निवेश करने वाला निवेशक। राजस्थान के विकास के अपने सपने को साकार करने के लिए हमारे पास राजनीतिक इच्छाशक्ति है। इतने कम समय में निवेशकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया ने हमें बड़े सपने देखने के लिए पंख दिए हैं और 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 को बड़ी सफलता बनाने के लिए हमारा आत्मविश्वास बढ़ाया है।''

### राज्य के प्रति निवेशकों का बढ़ा भरोसा

इस अवसर पर बोलते हुए राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा, '''राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 तहत हमने स्ट्रेटिजिक सेक्टर्स और राज्य में निवेश के लिए मौजूद अवसरों की पहचान कर रखी है। 'विकसित राजस्थान' @ 2047 की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आजकल राजस्थान सरकार महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय कुछ ही घंटों में ले लेती है, जबकि पहले ऐसे निर्णय लेने में महीनों और वर्षों का समय लग जाता था। निवेशकों से मिले अब तक की जबरदस्त प्रतिक्रिया से पता चलता है कि राजस्थान और इसकी क्षमता पर उनके विश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। हमारी कोशिश है कि यह गति बरकरार रहे।''

### देश के कई बड़े उद्योगपतियो से मुख्यमंत्री की मुलाकात

इस 'इन्वेस्टर मीट' के बाद माननीय मुख्यमंत्री शर्मा ने देश के कई बड़े उद्योगपतियों से भी मिले और उन्हें राजस्थान में निवेश करने तथा निवेशकों के लिए बनाए जा रहे अनुकूल इको सिस्टम और नीतियों का उपयोग करने के लिए आमंत्रित किया। माननीय मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में महिंद्रा एवं महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनन्द महिंद्रा, जेएसडब्लू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल, प्रॉक्टर एंड गैम्बल के भारत और दक्षिण एशिया के मैनेजिंग डायरेक्टर कुमार वेंकटासुब्रमण्यिन, वेदांता ग्रुप की नॉन-एक्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर और हिंदुस्तान ज़िंक की चेयरपर्सन सुश्री प्रिया अग्रवाल, एस्सार ग्रुप के ग्रुप डायरेक्टर अंशुमान रुइया, अवादा ग्रुप के चेयरमैन विनीत मित्तल, इमैजिका एंटरटेनमेंट के सीईओ धीमंत बख्शी, और यूपीएल लिमिटेड के राज तिवारी शामिल हैं।

### इन्वेस्टर मीट में कई बड़ी कंपनियों ने लिया भाग

'राजस्थान राइजिंग' ग्लोबल समिट 2024 के पहले घरेलू 'इन्वेस्टर मीट' में भाग लेने वाले प्रमुख व्यापारिक नेताओं में अदानी सीमेंट्स और अदानी पोर्ट्स, एसईज़ेड और लॉजिस्टिक्स के मैनेजिंग डायरेक्टर करण अदानी, टाटा केमिकल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ आर. मुकुंदन, टाटा पावर के प्रबंध निदेशक और सीईओ डॉ. प्रवीर सिन्हा, हिंदुस्तान जिंक के सीईओ और वेदांता लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक अरुण मिश्रा, जेके सीमेंट के उप प्रबंध निदेशक और सीईओ माधव सिंघानिया, जेएसडब्लू एनर्जी के ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ शरद महेंद्रा, सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के सीईओ अक्षय हीरानंदानी और कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के पश्चिमी क्षेत्र की अध्यक्ष सुश्री स्वाति सालगांवकर वगैरह शामिल थे।

इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री और माननीय उद्योग मंत्री के अलावा, राजस्थान सरकार के कई शीर्ष अधिकारी भी उपस्थित थे, जिनमें मुख्य सचिव सुधांश पंत, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) शिखर अग्रवाल, उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव और रीको के अध्यक्ष अजिताभ शर्मा, उद्योग विभाग और ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन के आयुक्त रोहित गुप्ता भी थे।

### 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के बारे में:

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का आयोजन इस साल 9, 10 और 11 दिसंबर को राजधानी जयपुर होगा। इसका आयोजन राजस्थान सरकार के तत्वाधान में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, बीआईपी और राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन (रीको) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसका नोडल विभाग बीआईपी है। इस त्रि-दिवसीय मेगा समिट का उद्देश्य देश-विदेश की बड़ी-छोटी कंपनियों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और निवेशकों को राज्य में आ कर काम करने के लिए आकर्षित करना, प्रदेश में विभिन्न तरह के उद्योग-धंधे लगाने में मदद करना और सुविधाएँ मुहैय्या कराना है। इस ग्लोबल समिट के दौरान कृषि, अक्षय ऊर्जा, शिक्षा और कौशल, ऑटो और ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल्स), इंफ्रास्ट्रक्चर, केमिकल और पेट्रो-केमिकल, पर्यटन, स्टार्टअप, खनन और ईएसडीएम/आईटी और आईटीईएस (ESDM/IT and ITeS) सहित विभिन्न क्षेत्रों पर विशेष सत्र का आयोजन होगा।

न्यूज़ अपडेट

### रेल मंत्री का भक्तों को तोहफा, गणेश उत्सव पर चलाई जाएंगी 342 स्पेशल ट्रेन

**नईदिल्ली/एजेंसी।** महाराष्ट्र ही नहीं, बल्कि पूरे देश में गणपति उत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं. इस मौके पर सरकार ने भी भक्तों को तोहफा दिया है. रेल मंत्री ने प्रेस कॉफ्रेंस कर गणेश उत्सव पर 343 स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है. जिससे भक्तों की सारी परेशानी दूर हो जाएंगी. क्योंकि गणपति उत्सव के दौरान महाराष्ट्र जाने वाली सभी ट्रेनों में भीड़ हो जाती है. जिसके चलते काफी भक्त गणपति उत्सव में शामिल ही नहीं हो पाते हैं. विषय की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है.

आपको बता दें कि गणेश उत्सव 7 सितंबर से शुरू हो रहा है. यह उत्सव पूरे 10 दिन चलता है. महाराष्ट्र के लोगों के लिए ये त्योहार बहुत ही महत्व रखता है. गणेश भक्तों को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को बताया कि अगले महीने गणेश उत्सव के लिए 342 स्पेशल ट्रेनों को चलाया जाने वाला है. ताकि किसी भी भक्त को परेशानी न उठानी पड़े. ये ट्रेनें 7 सितंबर से ही शुरू कर दी जाएंगी. साथ ही जब तक उत्सव खत्म नहीं होगा. तब तक चलती रहेंगी.

मूर्ति गिरने की घटना पर बोले पीएम

## शिवाजी महाराज से सिर झुकाकर माफी मांगता हूं: पीएम मोदी

मुंबई/एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के पालघर में शुक्रवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए 26 अगस्त को महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने की घटना के लिए माफी मांगी.

उन्होंने मालवन में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने की घटना कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज हमारे लिए सिर्फ एक नाम नहीं हैं.आज मैं अपने भगवान छत्रपति शिवाजी महाराज से सिर झुकाकर माफी मांगता हूं. हमारे संस्कार अलग हैं, हम वे लोग नहीं हैं जो भारत माता के महान सपूत, इस धरती के सपूत वीर सावरकर को गाली देते रहें और उनका अपमान करते रहें.

उन्होंने कहा कि जो लोग छत्रपति शिवाजी महाराज को अपना देवता मानते हैं और उन्हें गहरी ठेस पहुंची है, मैं उनसे सिर झुकाकर माफी मांगता हूं. हमारे मूल्य अलग हैं. हमारे लिए हमारे देवता से बड़ा कुछ नहीं है.



पालघर में जनता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी कहा कि आज भारत की विकास यात्रा के लिए बहुत बड़ा दिन है. विकसित महाराष्ट्र, विकसित भारत के संकल्प का सबसे अहम हिस्सा है. इसलिए, चाहे पिछले10 साल हों या फिर अब मेरी सरकार का तीसरा कार्यकाल, महाराष्ट्र के लिए लगातार बड़े फैसले लिए गए हैं.

उन्होंने कहा कि वधावन पोर्ट के उदघाट्न के बाद कहा कि महाराष्ट्र के पास विकास के लिए जरूरी शक्ति और संसाधन मौजूद हैं. आज वधावन पोर्ट की आधारशिला रखी गई है और इस पर 76,000 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे. ये देश का सबसे बड़ा कंटेनर पोर्ट होगा. पीएम मोदी ने आगे कहा, पिछले एक दशक में भारत के समुद्री तटों पर विकास ने अभूतपूर्व गति पकड़ी है, हमने बंदरगाहों का आधुनिकीकरण किया है, जलमार्गों का विकास किया है. इस दिशा में लाखों-करोड़ों रुपये का निवेश किया गया है. निजी निवेश भी बढ़ा है... हमारे युवाओं को इसका लाभ मिल रहा है, उन्हें नए अवसर मिल रहे हैं. आज पूरी दुनिया की नजर वधावन बंदरगाह पर है...इससे इस पूरे क्षेत्र की आर्थिक तस्वीर बदल जाएगी.

सीजेआई चंद्रचूड़ का आदेश

### लॉरेंस बिश्नोई का इंटरव्यू लेने वाले पत्रकार पर न करें कोई कार्रवाई

**नई दिल्ली/एजेंसी।** पंजाब और राजस्थान की जेलों में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का इंटरव्यू लेने वाले एबीपी न्यूज के पत्रकार के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने ये आदेश जारी किया है। पीठ में सीजेआई के अलावा, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे।



रिपोर्ट के मुताबिक, ये पीठ पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा आईपीएस प्रबोध कुमार की अध्यक्षता वाली एसआईटी को इंटरव्यू से संबंधित मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश के खिलाफ दायर चुनौती पर सुनवाई कर रही थी। पिछले वर्ष दिसंबर में उच्च न्यायालय ने बिश्नोई के इंटरव्यू के संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने तथा आईपीएस अधिकारी प्रबोध कुमार के नेतृत्व वाले एक विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का आदेश दिया था।

उच्च न्यायालय ने जेल परिसर में कैदियों द्वारा मोबाइल फोन के इस्तेमाल से संबंधित मामले पर स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया था। कोर्ट ने लॉरेंस बिश्नोई के टीवी इंटरव्यू की जांच करने के लिए तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था ताकि अधिकारियों की संलिप्तता का पता लगाया जा सके। बिश्नोई 2022 में गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के आरोपियों में से एक है। पिछले साल मार्च में एक निजी समाचार चैनल ने बिश्नोई के दो साक्षात्कार के प्रसारण किए थे।

आज, मुख्य न्यायाधीश ने एबीपी न्यूज नेटवर्क और पत्रकार जगविंदर पटियाल द्वारा दायर रिट याचिका नोटिस जारी किया।

# डंकी रूट से जुड़े संकट और दर्द कौन सुनेगा?

भारतीयों में विदेश जाकर पढ़ने और नौकरी का क्रेज है, यह सालों से रहा है। पंजाब, गुजरात के लोगों ने अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन में अपनी अच्छी जगह बनाई है लेकिन हाल के सालों में बहुत सारे भारतीय गैर-कानूनी यात्रा के शिकार होकर कुछ ने अपनी जान गवाई है तो कुछ अनेक तकलीफों का सामना कर रहे हैं। अवैध तरीकों से डंकी रूट से अमेरिका आदि देशों में युवाओं को भेजकर जानलेवा अंधी गलियों में धकेलने वाले एजेंटों ने भले ही मोटी कमाई की हो, लेकिन इस काले कारनामों एवं गौरखधंधे पर समय रहते कार्रवाई न होना सरकार की बड़ी विफलता है। मोटी कमाई और चमकीले सपनों का सम्मोहन युवाओं की सोचने-समझने की शक्ति को ही कुंद कर देता है कि वे अपनी जान तक को भी जोखिम में डाल देते हैं।

दरअसल, डंकी रूट अमेरिका आदि देशों में जाने का एक ऐसा अवैध रास्ता है, जिसमें सीमा नियंत्रण के प्रावधानों को धता बताकर एक लंबी व चक्करदार यात्रा के माध्यम से दूसरे देश ले जाया जाता है। डंकी रूट का मतलब ऐसे रास्ते हैं जो अवैध रूप से लोगों को एक देश से दूसरे देश ले जाता है। पंजाब में डंकी रूट एक दशक से भी ज्यादा समय से एक खुला रहस्य रहा है। यह शब्द पंजाबी शब्द 'डुंकी' से आया है, जिसका अर्थ है एक जगह से दूसरी जगह कूदना। एक दशक से जारी इस गोरखधंधा-डंकी प्रेक्टिस का तब पदार्फाश हुआ एवं यह अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में आया जब इसके अन्तर्गत दिसंबर 2023 में फ्रांस ने मानव तस्करी के संदेह में दुबई से निकारागुआ जा रहे 303 भारतीय यात्रियों वाले एक चार्टर विमान को रोक दिया था। इनमें से अधिकांश को वापस भारत भेज दिया गया था। हाल ही में पंजाब में समाना के चार युवाओं की दर्दनाक कहानी उजागर हुई है, जिन्हें एजेंटों ने मोटी रकम वसूलकर जानलेवा हालातों में धकेल दिया। उनसे दो चरणों में करीब ढाई करोड़ रुपये वसूले गये और घातक परिस्थितियों में धकेल दिया गया। कई दिन जंगलों में उन्हें भूखा रहना पड़ा। फोन व जूते छीन लेने से उन्हें नंगे पैरों पैदल चलना पड़ा। डंकी रूट में लिप्त एजेंट अपराधी है, युवा-सपनों को चूर-चूर करने वाले धोखेबाज है। यह दर्द एवं विडम्बना केवल पंजाब की नहीं है, बल्कि गुजरात एवं देश के अन्य भागों के युवाओं की भी है। रोजगार के साथ-साथ शिक्षा सबसे बड़ी वजह है डंकी रूट की। कुछ देशों में तकनीकी तथा अन्य प्रोफेशनल शिक्षा पर भारत के मुकाबले कम खर्च होते हैं इसलिए भी छात्र विदेश जाना पसंद करते हैं। जिन्हें कम समय में अच्छी कमाई करके अच्छी लाइफ स्टाइल में जीने की ख्वाहिश होती है या फिर जो भारत में किसी क्राइम में शामिल होते हैं वे भी गैरकानूनी तरीका अख्तियार करते हैं। डंकी रूट के जरिए लोग अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में अवैध तरीके से प्रवेश करते हैं। इस रास्ते में कई जानलेवा खतरों का सामना करना पड़ता है।

कई बार, अवैध तरीके से एंट्री के दौरान लोगों की मौत हो जाती है। साल 2022 में, अमेरिका-कनाडा बॉर्डर से 10 मीटर की दूरी पर एक गुजराती परिवार की लाश मिली थी, यह परिवार बर्फीले तूफान की चपेट में आया था। इसी साल अप्रैल में, एक और गुजराती परिवार की मौत हुई थी। अमेरिका में एंट्री से पहले ही सेंट लॉरेंस नदी में उनकी बोट डूब गई थी। इस घटना में पति-पत्नी और उनके दो बच्चे मारे गए थे। युवाओं का धोखेबाज एजेंटों के जाल में फंसना हमारे शासन तंत्र की नाकामी ही है। यदि ऐसे एजेंट समय रहते कानून व्यवस्था के शिकंजे में फंस गये होते तो युवा ठगी के शिकार न बनते। आखिर हम अपने युवाओं को देश में सम्मानजनक रोजगार क्यों नहीं दे पा रहे हैं? भारत सरकार अन्य देशों संग युवाओं को धोखे से विदेश भेजने वाले एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है? निस्संदेह, विभिन्न राष्ट्रों के सहयोग से दलाली-ठगी करने वाले इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय गिरोहों का खातमा करना अपेक्षित है। एशिया, यूरोप व मध्य अमेरिका तक दलालों के जाल बिछे हैं। शाहरुख खान की फिल्म ह्यडंकीह्न में इस समस्या को उभारा गया है। इस फिल्म में अवैध तरीके से विदेश जाने के तरीके को एवं उसमें होने वाली परेशानियों को दिखाया गया है। मूवी दिखाती है कि सात समंदर पार जाने का सपना लिए लोग कैसे-कैसे अवैध तरीके अपनाते हैं, कितनी दुश्वारियां और कितना पैसा खर्च कर देते हैं। ह्यडंकी रूटह्न एक विकराल होती समस्या है।

भारत में बढ़ती बेरोजगारी जहां इस समस्या का बड़ा कारण है, वहीं किस तरह युवा भी धैर्य व कठिन परिश्रम के बजाय रातोंरात अमीर बनने के सपने सजोते हुए इन संकटों को आमंत्रित करते हैं। आखिर क्या वजह है कि मां-बाप जमीन बेचकर व अपने गहने-मकान गिरवी रखकर बच्चों को विदेश भेजने को आतुर हैं? आखिर सुनहरे सपनों की चकाचौंध में हमारे युवा दलालों के हाथों के खिलौने क्यों बन रहे हैं? अमेरिका एवं अन्य देशों में जाने के सम्मोहन में अपने जीवन को इस तरह जोखिम में डालना युवा क्यों उचित मानते हैं? पिछले दिनों दलालों ने देश के युवाओं को सुनहरे सपने दिखाकर युद्धरत रूस की फौज में भी भर्ती करवा दिया। कई युवाओं के युद्ध में मरने की खबरें भी आई। दरअसल, युवाओं की इस बदहाली की वजह भ्रष्ट व बेईमान ट्रैवल एजेंट तो हैं ही, हमारी सरकारें भी इसके लिये कम जिम्मेदार नहीं है।हाल ही में डंकी यात्रा पूरी करने वाले लोगों के परिवारों ने बताया कि मानव तस्कर अक्सर नई दिल्ली और मुंबई से प्रवासियों को पर्यटक वीजा पर संयुक्त अरब अमीरात ले जाते हैं। फिर वे वेनेजुएला, निकारागुआ और ग्वाटेमाला जैसे लैटिन अमेरिका के एक दर्जन से ज्यादा ट्रांजिट बिंदुओं से गुजरते हुए अमेरिका-मेक्सिको सीमा तक पहुंचते हैं। अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, बीते पांच साल में दो लाख से ज्यादा भारतीय अवैध तरीके से अमेरिका में घुसते हुए पकड़े गए हैं। ऐसे मामले उजागर होने के तुरंत बाद कुछ गिरफ्तारियां इस बड़े संकट का समाधान नहीं है। इन आपराधिक कृत्यों में लिप्त एजेंट कुछ समय के लिये चुप बैठकर फिर से अपने नापाक खेल में सक्रिय हो जाते हैं। वैसे वे युवा भी कम दोषी नहीं हैं जो वास्तविक स्थिति को जाने बिना शॉर्टकट रास्ते के लिये दलालों को पैसे देने को तैयार हो जाते हैं। दरअसल, विदेश जाने के इच्छुक उम्मीदवारों को आधिकारिक चैनल को दरकिनार करने के खतरों के बारे में भी बताना चाहिए।

# अब असंगठित क्षेत्र के मुलाजिमों को भी मिले पेंशन और सामाजिक सुरक्षा



आरके सिन्हा

सरकार ने हाल ही में एकीकृत पेंशन योजना यानी यूनीफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को लागू करने की अंततः घोषणा कर ही दी। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो देश भर में सेवानिवृत्त सरकारी कर्मियों के हितों की रक्षा करती है। नई पेंशन योजना 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी। इससे कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद निश्चित पेंशन मिलेगी। इसकी रकम सेवानिवृत्ति से पहले के 12 महीने के औसत मूल वेतन का 50 फीसदी होगी। 25 वर्ष तक की सेवा पर ही यह रकम मिल सकेगी। 25 वर्ष से कम और 10 साल से ज्यादा की सेवा पर उसके अनुपात में भी पेंशन मिलेगी। किसी भी कर्मचारी के निधन से पहले पेंशन की कुल रकम का 60 फीसदी हिस्सा परिवार को मिलेगा। दरअसल नई पेंशन योजना के लागू होने से सरकारी बाबुओं को बहुत बड़ी दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता मिलेगी। केंद्र सरकार के कर्मचारियों की नई पेंशन योजना (एनपीएस) में सुधार की लंबे समय से मांग की जा रही थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अप्रैल 2023 में टीवी सोमनाथन के नेतृत्व में इस पर एक समिति का गठन भी किया था। जेसीएम (संयुक्त सलाहकार तंत्र) सहित व्यापक परामर्श और चर्चा के बाद समिति ने एकीकृत पेंशन योजना की सिफारिश की थी। भारत में, वृद्धावस्था में वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पेंशन सबसे महत्वपूर्ण साधन है। यह न केवल कर्मचारियों को काम करने के बाद जीवन स्तर बनाए रखने में मदद करता है, बल्कि ; सेवा निवृत्त कर्मचारियों को बाकी जीवन परिवार और समाज में , यहाँ तक कि अपने बच्चों की नजर सम्मानपूर्वक बिताने का जरिया देता है। जब कर्मचारी सेवानिवृत्त होते हैं, तो उनके आमदनी का स्रोत अचानक खत्म हो जाता है। पेंशन, भले ही सेवा के दौरान प्राप्त होने वाली आय से आधी हो, एक नियमित आय तो प्रदान करता ही है, जो उन्हें आवश्यक खर्च जैसे भोजन, स्वास्थ्य सेवा, और आवास के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराता है। इससे वित्तीय अनिश्चितता के खतरे को बहुत हद तक कम किया जा सकता है। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने 2004 में राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) शुरू की थी। उसमें कर्मचारियों और सरकार दोनों ने कर्मचारी के मूल वेतन और महंगाई भत्ते (डीए) का 10% योगदान सेवानिवृत्ति निधि में दान किया। इस फंड को बाजार-जुड़े साधनों के मिश्रण में निवेश किया गया था, और रिटर्न में प्राप्त आय से पेंशन राशि का निर्धारण किया। हालाँकि , इस प्रणाली ने बहुत आवश्यक वित्तीय अनुशासन भी लाया और सरकार की बिना फंड वाली पेंशन देनदारियों को कम किया। लेकिन , उसने सेवानिवृत्त लोगों के लिए अनिश्चितता भी पैदा की, क्योंकि पेंशन बाजार के प्रदर्शन पर निर्भर थी। उदाहरण के लिए, बाजार में गिरावट के दौरान, सेवानिवृत्त लोगों ने कम रिटर्न देखा, जिससे उनकी वित्तीय सुरक्षा के बारे में चिंताएं बढ़ीं। एक बात जान लें कि नई पेंशन का राज्य सरकार के कर्मचारियों को भी लाभ मिलेगा यदि कोई राज्य सरकार इसे लागू करना चाहती हैं तो। कांग्रेस का एनपीएस पर रुख सदैव अस्पष्ट रहा और लगातार बदलता भी रहा। शुरू में, कांग्रेस ने एनपीएस की सराहना की। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इसे एक बेहतर पेंशन मॉडल बताया। हालांकि, बाद में कांग्रेस ने इसकी कमियां निकालनी शुरू कर दीं , मात्र अपने सियासी स्वार्थों के कारण। पुरानी पेंशन योजना को खत्म करने के लिए केंद्र की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार को आलोचना का सामना करना पड़ा था। केंद्र से लेकर राज्यों के भी सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन स्कीम को वापस लाने की मांग करते ही रहे थे। राजस्थान में जब कांग्रेस की सरकार थी तो उन्होंने पुरानी पेंशन को लागू किया था, जोकि आज तक लागू है। हिमाचल प्रदेश में भी पुरानी पेंशन योजना को लागू किया जा चुका है। अब एकीकृत पेंशन योजना पर मोहर लग गई है। एकीकृत पेंशन योजना की सबसे बड़ी खूबी यही है कि इसमें पुरानी पेंशन योजना यानी ओपीएस और राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) की खासियतों को शामिल किया गया है। ओपीएस की तरह यूपीएस में भी निश्चित पेंशन सुनिश्चित की जा रही है और यही मांग कर्मचारियों की लगातार रही है। यूपीएस प्रति माह 10 हजार रुपए की न्यूनतम पेंशन गारंटी पेश देती है। यूपीएस से लाखों सरकारी कर्मियों को रिटायरमेंट के बाद आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। वर्ना जिन लोगों को किसी तरह की पेंशन रिटायरमेंट के बाद नहीं मिलती है, उन्हें बहुत कष्ट और जलीलत की ज़िंदगी झेलना पड़ता है। देश के निजी क्षेत्र से जुड़े लाखों-करोड़ों लोगों को हर माह बड़ी मुश्किल से दो-ढाई हजार रुपए ही पेंशन मिलती है। अब आप सोच सकते हैं कि इतनी कम राशि से तो कोई इंसान अपने महीने का चाय-पानी का खर्च भी नहीं निकाल सकता है। मेरे बहुत सारे पत्रकार मित्रों को रिटायर होने के बाद मात्र दो-तीन हजार रुपए मिलते हैं पेंशन के रूप में। यही हाल अन्य विभागों से जुड़े रिटायर कर्मियों का भी है।



नई पेंशन योजना प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का एक अहम फैसला मानी जाएगी। इसका लक्ष्य सरकारी कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा देना है। इस तरह की नीति कोई दूरदर्शी नेतृत्व ही ला सकता है। यह एक ऐसी योजना है जो पिछली पेंशन योजनाओं की सारी अच्छी बातों का निचोड़ है। सवाल पूछा जा रहा है कि क्या सरकरी कर्मियों को रिटायर होने पर ग्रेच्युटी के अतिरिक्त एकमुश्त भुगतान का भी लाभ मिलेगा? इस सवाल का जवाब यह है कि कर्मियों को सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी के अतिरिक्त एकमुश्त भुगतान का लाभ भी मिलेगा। सेवानिवृत कर्मियों के पास वित्तीय सुरक्षा होने का अर्थ है कि वे अपने परिवारों की देखभाल करने, बच्चों की शिक्षा में योगदान देने, और अर्थव्यवस्था को समर्थन देने के लिए अधिक संसाधन रख सकते हैं। यह बुढ़ापे में आश्रित होने के बजाय स्वतंत्र जीवन जीने में मदद करता है। एक स्थिर पेंशन प्रणाली कर्मचारियों को अपनी नौकरी के प्रति अधिक प्रतिबद्धता और निष्ठा पैदा करती है। उन्हें लगता है कि रिटायर होने के बाद उन्हें वित्तीय सुरक्षा मिलेगी, इसलिए वे अपनी नौकरी में अधिक ध्यान केन्द्रित करते हैं। एक बात यह भी है कि पेंशन योजनाएं आर्थिक स्थिरता को बढ़ावा देती हैं। निवेश योजनाओं में पेंशन फंडों के निवेश से आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलता है, रोजगार के अवसर बढ़ते हैं, और देश की समग्र आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। भले ही पेंशन के कई लाभ हैं, भारत में अभी भी कई चुनौतियां हैं। भारत के असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले अनगिनत मेहनतकशों को कोई पेंशन नहीं मिलती। इनकी कुल संख्या सरकारी कर्मचारियों की संख्या से कई गुना ज्यादा है और उनकी आय भी कम और अनिश्चित है । आखिर , वे भी तो भारतीय नागरिक ही हैं। सरकार को इनके बारे में भी गम्भीरतापूर्वक सोचने की आवश्यकता है ।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# विश्वविद्यालयों की भूमिका का विस्तार



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

राज्यपाल के रूप में आनंदीबेन पटेल ने अनेक अभिनव कार्य किए है। आज यह प्रेरणदायक परंपरा के रूप में स्थापित हो चुके हैं। पहले विश्वविद्यालयों को उच्च शिक्षा तक सीमित एक संस्था के रूप में देखा जाता था। इसके अलावा उसकी किसी अन्य क्षेत्र में भूमिका नहीं देखी जाती थी। आनंदी बेन पटेल ने इस धारणा को बदल दिया है। उन्होंने राज्यपाल बनने के बाद विश्वविद्यालों के दीक्षांत समारोह में आमंत्रित करना शुरू किया। पहले कोई इसकी कल्पना भी नहीं कर सकता था। आनंदी बेन पटेल ने इसका कारण भी बताया। उन्होंने कहा कि बच्चे जब उच्च शिक्षण संस्थान का दीक्षांत समारोह जब देखेंगे तो उनको भी प्रेरणा मिलेगी। आनंदी बेन ने इसकी शुरुआत की। आज यह परंपरा बन चुकी है। अब प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में दीक्षांत समारोह में स्कूल के बच्चों को आमंत्रित किया जाता है। आनंदी बेन पटेल के पहले विश्वविद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्रों के बीच किसी सूत्र की कल्पना भी नहीं की जाती थी। लेकिन आज विश्वविद्यालयों की भूमिका आंगनबाड़ी केंद्रों तक विस्तृत हो चुकी है। इसी प्रकार आनंदी बेन की प्रेरणा से विश्वविद्यालय अब गांव को भी गोद लेने लगे है। इस तरह विश्वविद्यालों की भूमिका में एक प्रकार का कायाकल्प हो गया है। इसकी झलक मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर के दीक्षांत समारोह में दिखाई दी। राज्यपाल की अध्यक्षता में समारोह सम्पन्न हुआ। विश्वविद्यालय के दीक्षांत में स्कूल के छोटे बच्चे थे। आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकत्री थी। राज्यपाल ने कहा कि आज इस दीक्षांत समारोह में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों को भी आमंत्रित एवं सम्मानित किया गया है। यह बच्चे हमारे देश के भविष्य है। इनकी नन्हीं आंखों में बड़े सपने इन्हें जीवन में उत्कृष्ट करने के लिये सदैव प्रेरित करते रहेंगे। दीक्षांत समारोह में आंगनबाड़ियों को सुविधा सम्पन्न बनाने हेतु जिला प्रशासन कुशीनगर एवं इस विश्वविद्यालय के सहयोग से कुल दो सौ किटों का वितरण किया गया। इस प्रकार के किट वितरण अन्य जनपदों में उपलब्ध होनी चाहिए। आंगनबाड़ियों द्वारा देश की भावी पीढ़ी को समर्थ बनाने हेतु किया गया प्रयास अनुकरणीय है। विश्वविद्यालयों को स्थानीय उद्योगो की मांग के अनुसार ही अपने पाठ्यक्रम को बनाना चाहिए और उसी अनुसार उनको प्रशिक्षित करना चाहिए ताकि वे उस उद्योग की मांग के अनुसार रोजगार प्राप्त कर सके। किसी बच्चे की विकास का बुनियादी आधार माता पिता द्वारा पदत्त शिक्षा व संस्कार होता है। यह शिक्षा व संस्कार ही बच्चे को अपने जीवन में क्रियान्वयन कर के एक अच्छा नागरिक बनने में सहयोग करता है।आनंदीबेन पटेल ने ग्राम गौनर ब्लॉक सरदार नगर में स्थित शंकर प्रेरणा महिला लघु पुष्टाहार निर्माण इकाई का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां पर कार्य करने वाली समूह की महिलाओं से वातार्लाप कर उनके द्वारा बनायें जाने वाले पुष्टाहार के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त किया। यहां से बना पुष्टाहार दो ब्लाकों सरदारनगर व खोराबार के तीन सौ से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों पर जाता है।

आज प्रत्येक गांव में महिलाए स्वयं सहायता समूह बनाकर रोजगार प्राप्त कर अपनी आर्थिक स्थिति में व्यापक सुधार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र से देश में चार करोड़ स्वयंसेवी महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। शिक्षा के साथ हमें देश के श्रेष्ठ नागरिक के रूप में अपने सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करना चाहिए। दीक्षांत समारोह में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए पांच गांव के बेसिक शिक्षा परिषद के छात्र छात्राओं को राजभवन की ओर से जीवन उपयोगी सौ पुस्तक फल व किट वितरण,बीस आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किट सामग्री वितरित की गई। राज्यपाल ने कहा कि उच्च शिक्षा का उद्देश्य और उसकी सार्थकता इसमें है कि वह अपने समुदाय, समाज और राष्ट्र को हर प्रकार से और अच्छा बनाये। राज्यपाल मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि आपने अपने चुने हुए विषय की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, परन्तु जीवन की परीक्षा अब आरंभ होगी। आपके जीवन में बहुत सी चुनौतियां आयेंगी, आपको उनका सामना करना है और उस पर विजय प्राप्त करनी है। छात्रों को अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का सदुपयोग बेहतर प्रौद्योगिकी एवं प्रबंध तंत्र विकसित करने में प्रदर्शित करना चाहिए। क्योंकि आज का समय प्रौद्योगिकी और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का है।

# स्वामी सत्यानंद जी के जीवन के कुछ मुख्य विंदु

निशीकांत

आज गुरू चरित्र में एक और कड़ी जोड़ते हुए स्वामी निरंजनानन्द जी ने अपने गुरू श्री स्वामी सत्यानन्द जी के विषय में चर्चा आरंभ की। 24 दिसम्बर 1923 मध्य रात्रि को अल्मोड़ा के पास कुमाउ क्षेत्र में उनका जन्म हुआ था। उनके जीवन के पहले बीस वर्षों में घटित कुछ मुख्य विन्दुओं का वर्णन कुछ इस प्रकार है । उनका नाम धमेन्द्र रखा जाना जो कि उनके जीवन की दिशा की आधारशीला बना। उनका ध्यान व समाधि की उच्च अवस्थाओं में भ्रमण करना जो कि उनके पूर्व जन्म के आध्यात्मिक संस्कार को दर्शाता था। स्वामी श्रद्धानन्द जी द्वारा योगदंड व गेरू वस्त्र प्राप्त होना। विद्यालय में उनकी मेघा का प्राकष्ट होना। बहुप्रतिभा से युक्त श्री स्वामी जी जीवन के प्रति संवेदनशील थे। फिर उनका नागा योगिन से मिलना जिसने उनको कुंडलिनी, तंत्र, दर्शन आदि के



विषयों के बारे में बताया और उसका अनुभव उनको स्वयं हुआ था। फिर उस योगिनी का उनको गुरू कि खोज में जाने के लिए प्रेरित करना। यह क्रम एक यात्रा को दर्शाता है, जिस पर श्री स्वामी जी आगे बढ़ते गए। अपने पिता को संयास लेने का निर्णय सुनाया तो उनका आखिरी वाक्य यही था कि पीछे मुड़कर कभी नहीं देखना। और यही वाक्य श्री स्वामी जी के जीवन का सिद्धांत बना। श्री स्वामी जी के पूर्वाश्रम कि यात्रा एक साधारण यात्रा नहीं थी कि बल्कि एक आध्यात्मिक जीवन्त यात्रा थी। उन्होंने अपने जीवन को गुरू सेवा में समर्पित किया और उनकी शिक्षाओं को प्रसारित किया।

# मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में परदे के पीछे यौन शोषण और दरिंदगी !



मनोज कुमार अग्रवाल

मलयालम फिल्म इंडस्ट्री का एक ऐसा कुरूप चेहरा सामने आया है जिसे जानकर नारी अस्मिता सम्मान और बेटी बचाओ के सारे नारे महज कागजी या बेमानी हो जाते हैं। इसी कड़ी में मलयालम फिल्मों के जाने माने अभिनेता और सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के विधायक एम. मुकेश के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज किया गया है. पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी. मुकेश पर एक अभिनेत्री ने आरोप लगाया है कि अभिनेता ने कई साल पहले उसका यौन उत्पीड़न किया था जिसके आधार पर यह मामला दर्ज किया गया।

देश भर में महिलाओं के विरुद्ध अत्याचारों को लेकर मचे बवाल के बीच हाल ही में केरल फिल्म उद्योग में यौन शोषण के आरोपों को लेकर 'जस्टिस के. हेमा कमेटी' की रिपोर्ट से हडकंप मच गया है।एक रिपोर्ट के अनुसार 2017 में एक मलयाली फिल्म अभिनेत्री ने मलयाली सुपर स्टार 'दिलीप' पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था जिस पर 'दिलीप' को गिरफ्तार भी किया गया था। इसके बाद केरल सरकार ने यहां के फिल्म उद्योग में महिलाओं की स्थिति की जांच करने के लिए 'जस्टिस के. हेमा कमेटी' का गठन किया था।

न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट में किए गए खुलासों के बाद विभिन्न निर्देशकों और अभिनेताओं पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगे हैं. तब से मलयालम फिल्म जगत की किसी ह्यहाई प्रोफाइल' हस्ती के खिलाफ यह तीसरी प्राथमिकी है. इससे पहले, तिरुवनंतपुरम ह्यम्यूजियम पुलिस' ने आठ साल पहले एक होटल में एक अभिनेत्री से बलात्कार करने के आरोप में अभिनेता सिद्दीकी के खिलाफ बुधवार को मामला दर्ज किया था.

पहला मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला करना या आपराधिक बल प्रयोग) के तहत निर्देशक रंजीत के खिलाफ पश्चिम बंगाल की एक अभिनेत्री की शिकायत पर दर्ज किया गया था. यह शिकायत 2009 की एक घटना के संबंध में की गई है.अभिनेत्री ने आरोप लगाया है कि निर्देशक ने 2009 में फिल्म ह्यपालेरी मणिक्यम' में अभिनय के लिए आमंत्रित करने के बाद उसे अनुचित तरीके से छुआ था. इन आरोपों को लेकर रंजीत ने केरल चलचित्र अकादमी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था. सिद्दीकी ने भी




अपने खिलाफ लगे आरोपों के बाद ह्यमलयालम मूवी आर्टिस्ट एसोसिएशन' (एएमएमए) के महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया था.

वर्ष 2017 में एक अभिनेत्री पर हमले के बाद केरल सरकार द्वारा गठित न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट में मलयालम फिल्म उद्योग में महिलाओं के उत्पीड़न एवं शोषण के मामलों का खुलासा किया गया है।

'जस्टिस के. हेमा' ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 10-15 प्रभावशाली अधिकार सम्पन्न पुरुषों का समूह मलयालम फिल्म इंडस्ट्री को नियंत्रित कर रहा है। जब कोई महिला उसे परेशान करने की शिकायत लेकर सामने आती है तो यह समूह बिना कोई कारण बताए उसे जिंदगी भर के लिए बैन करने और बदला लेने के लिए दूसरे तरीके इस्तेमाल करता है।एक महत्वपूर्ण अभिनेता ने इस रिपोर्ट में बताए गए सर्वशक्तिमान लोगों को 'माफिया' करार दिया है जिनके विरुद्ध केरल फिल्म उद्योग से जुड़ा कोई भी व्यक्ति एक शब्द तक मुंह से नहीं निकाल सकता।रिपोर्ट के अनुसार निमार्ता-निर्देशकों ने एक 'सैक्स कोड' बना रखा है- 'समझौता और एडजस्ट करो'। जो अभिनेत्री इसका विरोध करती है, सारी इंडस्ट्री उसके विरुद्ध हो जाती है और उसे 'सजा' दी जाती है।

शूटिंग के दौरान होटल में ठहरी अभिनेत्रियों के दरवाजों पर आधी-आधी रात को दस्तक दी जाती है और जूनियर अभिनेत्रियों के साथ गुलामों जैसा व्यवहार किया जाता है।इस वर्ष 19 अगस्त को इस रिपोर्ट के सार्वजनिक होते ही अनेक मलयाली फिल्म निर्देशक, लेखक और अभिनेता आरोपों के घेरे में आ गए हैं। इसी कारण अब केरल सरकार ने एक और जांच कमेटी गठित कर दी है।

इस बीच मलयाली अभिनेत्री 'रेवती' द्वारा प्रसिद्ध अभिनेता 'सिद्दीकी' पर बलात्कार के आरोप लगाने के बाद 'सिद्दीकी' ने 'एसोसिएशन ऑफ मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स' के महासचिव पद से त्यागपत्र दे दिया है।'रेवती' के अनुसार, "उसने मुझसे फेसबुक पर सम्पर्क किया था। तब 'सिद्दीकी' ने मुझे 'मोल' (बेटी) कहा था और बाद में फेसबुक के जरिए ही संदेश भेज कर फिल्मों में अभिनय के विषय में बात करने के लिए मुझे तिरुवनंतपुरम के एक होटल में बुलाया।"

'रेवती' के अनुसार, "उसने मुझसे पूछा कि क्या मैं उसके लिए कुछ एडजस्टमेंट कर सकती हूं। मुझे अंदाजा नहीं था कि 'सिद्दीकी' के कहने का क्या मतलब है? परन्तु उसके बाद उसने मेरे साथ गाली-गलौच करने के अलावा मेरा बलात्कार कर डाला और मेरे सामने हस्तमैथुन किया।" एक अन्य अभिनेत्री 'श्रीलेखा मित्रा' ने पुरस्कार विजेता फिल्म 'नंदनम'के निर्देशक 'रंजीत' पर उसके साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया, जिसके बाद 'रंजीत' ने केरल सरकार द्वारा संचालित 'केरल चित्रकला अकादमी' के प्रमुख पद से त्यागपत्र दे दिया है।एक अन्य अभिनेत्री ' मीनू मुनीर' ने कई कलाकारों पर उसका यौन शोषण करने के आरोप लगाए हैं। उसने अभिनेता से माकपा विधायक बने 'एम. मुकेश' के अलावा मलयालम फिल्म उद्योग में 3 अन्य प्रतिष्ठित अभिनेताओं 'जयसूर्या', 'मणियनपिला राजू', 'इदावेला बाबू' तथा 2 प्रोडक्शन कंट्रोलरों 'नोबल' और 'विचु' पर भी यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। 'मीनू' के अनुसार, "2013 में एक फिल्म में अभिनय करने के दौरान मैं इनके हाथों शारीरिक और मौखिक शोषण का शिकार हुई। मैंने इनके साथ सामंजस्य करने और काम करते रहने की कोशिश की लेकिन उनका दुर्व्यवहार तथा शोषण बढ़ता गया और असहनीय हो गया। इसी कारण मुझे मलयालम फिल्म इंडस्ट्री छोड़ कर मजबूरन चेन्नई शिफ्ट होना पड़ा।"

एक अन्य जूनियर अभिनेत्री ने खलनायक 'बाबू राज' पर उसका यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया जबकि एक बंगला फिल्म अभिनेत्री ' ऋताभरी'ने भी बंगला फिल्म उद्योग में यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। इस बीच 'एसोसिएशन ऑफ मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स' के अध्यक्ष और शीर्ष अभिनेता 'मोहन लाल' सहित इसके सभी पदाधिकारियों ने आरोपों की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पदों से त्यागपत्र दे दिया है, परन्तु इतना ही काफी नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि केरल की फिल्म इंडस्ट्री पर हावी माफिया का घिनौना चेहरा उजागर करने वाली इस रिपोर्ट में किए गए खुलासों का संज्ञान लेकर सुप्रीम कोर्ट को जल्द से जल्द दोषी पाए जाने वाले लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करनी चाहिए ताकि इस बुराई पर रोक लगे और इसे फैलने से रोका जा सके।सवाल उठता है कि सिनेमा को समाज की सच्चाई परदे पर प्रदर्शित कर समाज में जागरूकता लाने के लिए भूमिका निर्वाह करने की जिम्मेदारी है लेकिन मलयालम फिल्म का जो अंदरूनी चेहरा सामने आया है वह इतना घिनौना है कि महिला कलाकारों के साथ होने वाली अमानवीयता दरिंदगी व दुराचार इस फिल्म इंडस्ट्री का वर्क कल्चर है। सरकार को इस मामले में हेमा कमेटी की रिपोर्ट पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# रेलवे आवासों एवं कॉलोनी की समस्याओं को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** रेलवे आवासों एवं कॉलोनी की समस्याओं को लेकर जोनल आव्हान पर आज प्रधान कार्यालय जयपुर मे नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एंप्लॉयज यूनियन प्रधान कार्यालय जीएलओ शाखा ने भोजनवकाश के दौरान विरोध प्रदर्शन एवं रैली का आयोजन किया। प्रदर्शन को शाखा सचिव राजीव सारण ने संबोधित करते हुए बताया कि रेलवे आवासों की छत टपक रही है, दीवारों मे सीलन रहती है जिसकी वजह से दीवारों में करंट आता है, लिफ्टे बंद रहती है, टंकियों की समय पर सफाई नहीं होती, रेलवे कॉलोनी के पार्क का मेंटेनेंस नही होता, प्रधान कार्यालय मे पीने के पानी की समस्या है, प्रधान कार्यालय की लिफ्ट बंद होने इत्यादि समस्याएं है उक्त समस्याओं को लेकर यूनियन ने कई पत्र भी प्रशासन को लिखे है, जीएम पीएनएम मे मद भी लिए है, पीसीई से भी मिले है परंतु इन समस्याओं का कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है, आवासों मे रहने वाले रेल कर्मचारी व उनके परिवारजन बेहद परेशानी मे समय गुजार रहे है एवं उनमे भरी रोष है। शाखा उपाध्यक्ष नारायण सिंह ने कहा कि रेलवे आवासों के लिए जो फंड प्रतिवर्ष स्वीकृत होता है यदि उसका आधा या चौथाई भी कर्मचारियों के आवासों पर खर्च किया जाए तो लगभग सभी समस्याओं का समाधान हो सकता है परंतु यह फंड केवल बंगलों पर खर्च किया जा रहा है। हमारी मांग है कि इस फंड का वर्गीकरण किया जाए अन्यथा आगे पीसीई का घेराव किया जाएगा। सहायक महामंत्री मीना सक्सेना ने सभी को विरोध प्रदर्शन मे एकता दिखाने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यह समस्या हम सभी और हमारे परिवारजनों की है यदि मांगे नहीं मानी जाती है तो परिवार वालों को साथ लेकर पीसीई का घेराव करेंगे। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रधान कार्यालय परिसर मे पीसीई और रेल प्रशासन के विरोध मे गुंजायमान नारे लगाते हुए रैली भी निकाली गई।




विरोध प्रदर्शन मे अशोक चौधरी, अशोक अग्रवाल, नारायण सिंह, सुनील माथुर, इन्द्रपाल सिंह, प्रेम नारायण,नूतन प्रकाश, उत्तम बाथरा, पवन जुनेजा, योगेश शर्मा, अमर कुमार झा, गजानंद कुमावत, चेतन वर्मा, बिपिन परमार, दौलत सिंह , त्रिलोचन सिंह, दान सिंह, मोहन शर्मा, राजीव बड़सर, फूलचंद, शिवम गुप्ता, धर्मेश बैरवा, छोटू लाल गुर्जर, शिव कुमार, शंकर लाल, जमना लाल मीणा, लाल चंद, धूलेश्वर, राज कुमार, ब्रज मोहन, सोनल माथुर, चाँदनी सिंघल, विभा तापड़िया, दीप्ति माथुर,पारुल माथुर, आरती अग्रवाल, जमना कंवर, लक्ष्मी धाभाई, सहित प्रधान कार्यालय के कर्मचारी बड़ी तादात मे उपस्थित रहे सहित प्रधान कार्यालय के 200 से अधिक साथी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षा के मंदिर में पानी के लिए नहीं कोई इंतजाम, छात्रों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा ईधर उधर



**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)।** धौलपुर जिले की पंचायत समिति सैपऊ की ग्राम पंचायत नगला खरगपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नगला खरगपुर में विद्यालय कार्मिको की लापरवाही के कारण विद्यालय में बनी पानी की टंकी बनी सोपीस पानी की टंकी बनी होने के बाबजूद उसको साफ ना कराकर उसमे पानी भी नहीं भरा जा रहा है !इस कारण विद्यालय के छात्र /छात्राओं को विद्यालय के बगल में बने हनुमान के मंदिर पर पानी - पीने के लिए है !मजबूर छोटे - छोटे बच्चे किचड को पार नहीं कर पाते है! कई बार बच्चे कीचड में गिर जाते है !विद्यालय प्रबंधन एवं ग्राम पंचायत सरपंच को नहीं है! बच्चों की कोई ×फक्र छात्रों की समस्याओ की ओर दिया जाए ध्यान, ग्रामीणों का कहना है! कि यदि विद्यालय प्रबंधन व्यवस्था नहीं करता है! तो निर्देशक प्रारम्भिक शिक्षा निर्देशालय राजस्थान बीकानेर को लिखा जायेगा पत्र!

### बाड़ी पुलिस थाना के एडिशनल एसपी नरेंद्र कुमार के पदोन्नति पर जिलाध्यक्ष महिला, कांग्रेस सेवादल द्वारा स्वागत सम्मान



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण )।** बाड़ी पुलिस थाना के एडिशनल एसपी नरेंद्र कुमार को पदोन्नति पर जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस सेवादल एवं राष्ट्रीय सहस्त्रबाहु कलार समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष आरती शिवहरे ने बाड़ी पुलिस थाना कोतवाली के एडिशनल एसपी नरेंद्र कुमार को बहुत - बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी आरती शिवहरे ने कहा मुझे आपकी पदोन्नति के बारे में सुनकर बहुत खुशी हुई। साथ ही आपके स्थानांतरण पर शुभकामनाएं। मैं आपके करियर की यात्रा में निरंतर उन्नतिशील!

### बाड़ी राजकीय कन्या महाविद्यालय में खेल सप्ताह के चौथे दिन



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण )। बाड़ी।** राजकीय कन्या महाविद्यालय बाडी में आज खेल सप्ताह के अंतर्गत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन इअ १२३ ईयर तथा इअ फाइनल की छात्राओं के बीच हुआ। जिसमे इअ १२३ ईयर की कप्तान करीना की टीम विजयी रही। ठीक इसी प्रकार बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर स्नेहा सोनी तथा दूसरे स्थान पर सानिया सेफी विजयी रही। ये प्रतियोगिताएं प्राचार्य डॉ. एम के सिंह के नेतृत्व में हों रही है। जिसमे प्रभारी गुमान सिंह मीना रहें। जिसमें डॉ. नीतेश भारद्वाज, डॉ. महेंद्र सिंह मीना, डॉ. कबीर शरण, बाबर अली, योग्यता शाक्य आदि सहायक आचार्य उपस्थित रहे।

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अवनी लेखरा और मोना अग्रवाल को दी बधाई



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पेरिस पैरालिंपिक 2024 में राजस्थान की बेटियों - अवनी लेखरा और मोना अग्रवाल ने 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 स्पर्धा में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### उप चुनाव से पूर्व संगठन में ब्लाक एवं मंडल कमेटिया भंग

**चमकता राजस्थान। जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्राप्त फीडबैक के आधार पर संगठन को पुनर्गठन कर मजबूत करने हेतु प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार निम्न वर्णित ब्लॉक कांग्रेस एवं मंडल कांग्रेस कमेटी को भंग किया गया है। प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सुदृढ़ करने हेतु प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के समक्ष संभाग प्रभारी उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी महासचिव तथा जिला कांग्रेस के अध्यक्षगणों की बैठक में लिए गए फीडबैक के आधार पर संगठनात्मक पुर्नगठन हेतु निम्न वर्णित ब्लॉक कांग्रेस तथा मण्डल कांग्रेस कमेटियों को भंग करने के आदेश जारी किए गए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार जारी आदेशों में झुंझुनूं जिले की चिड़ावा, दौसा जिले की महुवा व मण्डावर, धौलपुर जिले की बाड़ी व सैपऊ, सवाईमाधोपुर जिले के बौंली तथा भीलवाड़ा जिले के ब्लॉक शाहपुरा व बनेड़ा के ब्लॉक अध्यक्ष व ब्लॉक कार्यकारिणी एवं मण्डल अध्यक्ष तथा मण्डल कार्यकारिणियों की नियुक्तियों को तुरन्त प्रभाव से भंग किया गया है।

प्रदेश कांग्रेस द्वारा जिला पदाधिकारी प्रभारियों, जिलाध्यक्षों तथा जिले के प्रमुख कांग्रेस नेताओं से 15 दिवस में प्रस्ताव लेकर इन ब्लाॅक एवं मण्डल कांग्रेस कमेटियों का पुनः गठन किया जाएगा।

## उपमुख्यमंत्री डॉ बैरवा का जन्मदिन शनिवार को, विभिन्न मंदिरों में दर्शन के साथ आमजन के बीच मनाएंगे अपना जन्मदिन

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा कल शनिवार को अपना 55वां जन्मदिन मनाएंगे। सरल, सहज एवं सौम्य व्यक्तित्व के धनी उप मुख्यमंत्री अपने दिन की शुरुआत मोती डूंगरी गणेश मंदिर से करेंगे और दोपहर बाद अपने विधानसभा क्षेत्र दूदू के श्री शैलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में आमजन के बीच जन आशीर्वाद कार्यक्रम में भाग लेंगे।

शनिवार सुबह मोती डूंगरी गणेश मंदिर और मानसरोवर स्थित वीर तेजाजी महाराज मंदिर के दर्शन के पश्चात डॉ बैरवा का बाणयावाली स्थित गौशाला जाने का कार्यक्रम है। इसके बाद विधानसभा क्षेत्र दूदू के विभिन्न स्थानों, मंदिरों के दर्शन एवं आमजन के बीच अपना जन्मदिन मनाएंगे।

वर्ष 1969 को दूदू जिले की मौजमाबाद तहसील के ग्राम श्रीनिवासपुरा में जन्मे डॉ बैरवा, स्व श्री रामचंद्र बैरवा और स्व श्रीमती साहरू देवी के सुपुत्र हैं। डॉ बैरवा 14वीं (2013-18) और 16वीं विधानसभा के लिए दूदू विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए। वर्तमान सरकार में उपमुख्यमंत्री पद पर आसीन हैं। जमीन से जुड़े डॉ बैरवा का जीवन सादगी से भरा है। राजस्थान के विकास के प्रति प्रतिबद्धता के साथ काम करने वाले उप मुख्यमंत्री जन-जन में खासे लोकप्रिय हैं।



## विहिप के 60 वर्ष पूर्ण होने पर षष्टी पूर्ति वर्ष समापन कार्यक्रम हुआ आयोजित



**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण )।** सरमथुरा-कस्बे के आड़े हनुमान जी मंदिर पर गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद के 60 वर्ष पूर्ण होने पर षष्टी पूर्ति वर्ष समापन कार्यक्रम व विहिप की प्र-खंड कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चरणों में दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में हिंदूवादी संगठनों से जुड़े तमाम पदाधिकारी और शहर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामगोपाल हरदैनिया ने की। वही संगठन की कार्यप्रणाली वह गतिविधि व 60 वर्षों में हिंदू जागरण एवं सनातन संस्कृति की रक्षा एवं संरक्षण के लिए देव द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। वही विहिप के पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम में पधारे समाज सेवियों एवं भामाशाहों का भगवा पटका पहनाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। और विहिप की कार्यकारिणी का गठन करते हुए सर्वसम्मति से देवेंद्र गर्ग को अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। और उपाध्यक्ष अमित सांगलवार, जीतेंद्र जादौन, मंत्री शिवम खेमरिया, सहमंत्री अंकुश गर्ग, राहुल श्रीवास्तव, बजरंग दल सयोंजक मयंक चौहान, सह संयोजक सुरेश प्रजापति, मार्तशक्ति सायोंजिका अनीता सिंह सिकरवार, सह सायोंजिक माया देवी जगा, दुर्गावाहिनी सयोजिका परी शर्मा, मातृशक्ति सह सयोजिका राधा देवी शर्मा, दुर्गावाहिनी सह संयोजिका राजकुमारी प्रजापति को चुना गया।इस दौरान अग्रवाल समाज अध्यक्ष मांगी लाल मोदी,भोला सिंह जादौन, रामगोपाल हरदैनिया ने सामाजिक एकता और अखंडता व समरसता पर अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम के अंत मैं पूर्णता मंत्र एवं जयघोष के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान बजरंग दल जिला संयोजक राम शर्मा, गौ रक्षा प्रमुख चंद्र प्रताप धाकरे, मिलन प्रमुख दीपक पचौरी, बाड़ी प्रखंड अध्यक्ष महेश भटेले, श्याम स्वामी, कप्तान सिंह,अमित सोनी, चौहान, प्रवीण गर्ग, मानसिंह चौहान, मानू जादौन, नितिन सोनी, भरत जिंदल, सहित बड़ी संख्या मैं हिंदू संगठन के लोग मौजूद रहें।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क हादसे में ट्रेलर चालक की मौत

चमकता राजस्थान

भरतपुर (राजवीर सिंह)। आगरा-जयपुर हाइवे पर हन्तरा के समीप दो ट्रेलर की भिड़न्त से एक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने 108 एम्बूलेंस की सहायता से घायल को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में रैफर होने पर एसएमएस चिकित्सालय में उपचार दौरान चालक की मौत हो गई। पुलिस ने एसएमएस चिकित्सालय शव का पोस्टमार्टम कराया।



पुलिस के अनुसार अजमेर किशनगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मण्डोलवा निवासी मंगलाराम पुत्र पूसाराम अपने ट्रेलर में लोहे के सरिया लेकर भरतपुर से किशनगढ़ जा रहा। इसी दौरान राजमार्ग पर अरोंदा के समीप दूसरे ट्रेलर की भिड़न्त से हादसा हो गया। जिसमें मंगलाराम गंभीर रूप से घायल हो गया। डहरामोड चौकी पुलिस ने मौके पर जांच पडताल कर घायल को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में जिला चिकित्सालय से रैफर होने पर जयपुर एसएमएस चिकित्सालय में चालक की मौत हो गई। पुलिस ने एसएमएस चिकित्सालय में पोस्टमार्टम कराते हुए सुरक्षा की दृष्टि से दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। इस संदर्भ में समाचार लिखे जाने तक पुलिस में मामला दर्ज नही हुआ।

## टीम के सहायक कोच होंगे प्रदेश के चंद्रशेखर

# भारतीय यूथ पुरुष हैंडबॉल टीम में राजस्थान के महेंद्र पाल, कृतवर्य प्रताप, पुष्पेन्द्र सिंह व कृष कलाल

- टीम के कप्तान रिदम शर्मा व उपकप्तान पीयूष सिंह
- जॉर्डन में खेली जाएगी एशियन यूथ चैंपियनशिप

चमकता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान के महेंद्र पाल सिंह, कृतवर्य प्रताप सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह व कृष कलाल का चयन अम्मान (जॉर्डन) में 3 से 14 सितम्बर तक खेले जाने वाली एशियन यूथ पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। टीम के साथ सहायक प्रशिक्षक के रूप राजस्थान के जोधपुर के चंद्रशेखर जा रहे है। टीम सोमवार सुबह चार बजे नई दिल्ली से जॉर्डन के लिये रवाना होगी।



हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डा. तेजराज सिंह खंगारोत ने बताया कि भारतीय टीम का कप्तान जम्मू कश्मीर के रिदम शर्मा को बनाया है। जबकि उपकप्तान चंडीगढ़ के पीयूष सिंह को बनाया गया है। इस चैंपियनशिप में भारतीय टीम पूल बी में मेजबान जॉर्डन व जापान के साथ है। भारत का पहला मैच 3 सितम्बर को जापान तथा 4 सितम्बर को जॉर्डन से होगा। प्रतियोगिता का फाइनल 14 सितम्बर को खेला जायेगा।

शुक्रवार को टीम के दिल्ली रवानगी के पूर्व हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डा. तेजराज सिंह खंगारोत, राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह, अंतरराष्ट्रीय कोच प्रियदीप सिंह, इंडियन व्हीलचेयर टीम के कोच आनंद माने व हनुमानगढ़ ज़िला हैंडबॉल संघ के कोषाध्यक्ष डा. राय सिंह ने शुभकामनाएँ दी।

राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि राजस्थान के बाड़मेर के महेंद्र पाल सिंह भाटी सेंटर बैक की पोजीशन पर खेलते है। यह राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की जैसलमेर में संचालित हैंडबॉल अकादमी के खिलाड़ी है। यह इनका दूसरा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है। जयपुर के कृतवर्य प्रताप सिंह लेफ्ट बैक की पोजीशन पर खेलते है तथा यह इनका भी दूसरा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है। पुष्पेन्द्र सिंह दौसा से है तथा पीवट की पोजीशन पर खेलते है। वही बाँसवाड़ा के कृष कलाल लेफ्ट विंग की पोजीशन पर खेलते है।

भारतीय टीम से हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला, कार्यकारी निदेशक डा. आनन्देश्वर पाण्डेय, महासचिव डा. तेजराज सिंह ने चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कामना की।

भारतीय पुरुष यूथ हैंडबॉल टीमः-रिदम शर्मा (कप्तान)-जम्मू कश्मीर, पीयूष सिंह (उपकप्तान)-चंडीगढ़, महेंद्र पाल सिंह भाटी, कृतवर्य प्रताप सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, कृष कलाल (राजस्थान), नवदीप, नवीन कुमार, जसमीत, एकांत, अमन, जिज्ञासु (हरियाणा), मणिकंदन ज्ञानसेगरन (पुड्डुचेरी), आदित्य चंद्रकात प्रधान (महाराष्ट्र), मन्नत गौतम (हिमाचल प्रदेश), ध्रुव सेठ (जम्मू-कश्मीर), आदित्य संतोषानंद तिवारी (मुंबई हैंडबॉल अकादमी), निलय (दिल्ली), कुणाल (चंडीगढ़), तिरुपति आदे (तेलंगाना), सैयद समीउल्लाह यासीन, रमन अरमुगम (तमिलनाडु)। मुख्य कोचः- मोहम्मद तौहीद (उत्तर प्रदेश), कोचः- शमशेर सिंह (हरियाणा), मोहम्मद हकीम (झारखंड), सहायक कोचः- चंद्रशेखर (राजस्थान)।

# स्टेट लेवल पुलिस ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस का समापन

## पुलिसिंग विद एक्सीलेंस-द वे फॉरवर्ड की थीम पर चला चिंतन मनन का दौर

## मंथन से निकले निष्कर्ष और सुझावों पर बनेगा प्रदेश में बेहतर पुलिसिंग का रोडमैप : डीजीपी साहू

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 30 अगस्त।** 'पुलिसिंग विद एक्सीलेंस-द वे फॉरवर्ड' की थीम पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में शुक्रवार को सम्पन्न हुई दो दिवसीय 'स्टेट लेवल पुलिस ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस' के तकनीकी सत्रों में पुलिस अधिकारियों एवं विषय विषेषज्ञों के प्रेजेंटेशंस, ग्रुप डिस्कसंस, खुली चर्चाओं और क्वेश्चन-आंसर सेशंस में चिंतन-मनन के निष्कर्षों के आधार पर प्रदेश में और बेहतर पुलिसिंग का रोडमैप तैयार किया गया है। कॉन्फ्रेंस में आए सुझावों और अनुशंसाओं से प्रदेश में बेहतर पुलिसिंग के लिए नीति निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा।









### डीजीपी ने बढ़ाया पुलिस टीम का मनोबल

कांन्फ्रेंस के दूसरे दिन आयोजित तकनीकी सत्रों की अध्यक्षता करते हुए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने कहा कि कॉन्फ्रेंस के सेशंस में गहन मंथन से कई महत्वपूर्ण सुझाव निकलकर सामने आए हैं। पुलिस मुख्यालय के स्तर से इन सुझावों और अनुशंषाओं को समाहित करते हुए एक ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा। इसे आने वाले दिनों में अंतिम रूप देकर उच्च स्तर पर भेजा जाएगा। श्री साहू ने तकनीकी सत्रों के दौरान प्रदेश में अपराध नियंत्रण और जनसुरक्षा के लिए प्रदेश की पुलिस टीम की सक्सेस स्टोरीज और केस स्टडीज की सराहना करते हुए पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों की पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा कि अपराध की रोकथाम के लिए अपराधियों और उनके फॉलोअर्स को तलाशने, संदिग्धों की पहचान और अन्य लिंकेजेज की पड़ताल जैसी कार्रवाइयों को लगातार जारी रखा जाए।

### इन सत्रों में भी हुई खुली चर्चा

क्राइम अगेंस्ट वीमन, चिल्ड्रन एंड अदर वीकर सैक्शन पर सेशन का आयोजन डीजी (साइबर अपराध एवं एससीआरबी) हेमंत प्रियदर्शी की अध्यक्षता में हुआ। इसमें प्रजेंटेशन एडीजी (सिविल राइट्स) भूपेन्द्र साहू के साथ बीकानेर रेंज के आईजी श्री ओमप्रकाश एवं बीकानेर की पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम की टीम ने दिया। सत्र को एडीजी (हाऊसिंग) बिनिता ठाकुर ने मॉडरेट किया। रोड सेफ्टी एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट पर आयोजित सेशन का आयोजन डीजीपी यू आर साहू की अध्यक्षता में हुआ। इसमें एडिशनल कमिश्नर (ट्रैफिक) प्रीति चंद्रा और पुलिस अधिकारियों के समूह ने प्रस्तुतीकरण दिया। इस सत्र में गेस्ट स्पीकर इंस्टीट्यूट ऑफ रोड ट्रैफिक एजुकेशन के प्रेसीडेंट श्री रोहित बालुजा थे। इस सत्र को ऑर्गेनाइजेशन कमेटी की चेयर पर्सन एवं एडीजी (ट्रेनिंग) मालिनी अग्रवाल तथा एडीजी (हाऊसिंग) बिनिता ठाकुर ने पैनेलिस्ट के तौर पर मॉडरेट किया। इंटरनल सिक्योरिटी पर हुए आखिरी तकनीकी सत्र में आईजी आंतरिक सुरक्षा राजेश मीना, भरतपुर के आईजी राहुल प्रकाश एवं अतिरिक्त कमिश्नर जयपुर कुंअर राष्ट्रदीप सहित अधिकारियों के दल ने प्रस्तुतीकरण दिया। इस सत्र को डीजी (इंटेलीजेंस) संजय अग्रवाल ने मॉडरेट किया। सेशन में गेस्ट स्पीकर आईबी के जॉइंट डायरेक्टर रमाकांत गुप्ता थे। सभी तकनीकी सत्रों का संचालन डीआईजी (ट्रेनिंग) राहुल कोटोकी ने किया।

### पेपरलीक पर एसआईटी के एक्शन से लौटा युवाओं में विश्वास

डीजीपी साहू की अध्यक्षता में आयोजित 'कॉपिंग विद चैलेंजेस ऑफ चीटिंग इन कॉम्पीटीटिव एक्जामिनेशनः नीड फोर मल्टी डाइमेंशनल अप्रोच' सेशन में एटीएस एवं एसओजी के एडीजी वीके सिंह के नेतृत्व में दिए गए प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा गत 16 दिसम्बर को इस मामले में गठित एसआईटी की सतत और प्रभावी कार्रवाइयों के सकारात्मक नतीजे सामने आए हैं। एडीजी सिंह ने बताया कि एसआईटी की कार्रवाईयों से जो लर्निंग हुई है, उसे अन्य प्रदेशों के साथ भी साझा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पेपरलीक के मामलों की जानकारी देने के लिए एसओजी द्वारा जो हेल्पलाइन बनाई गई है, उस पर युवा और आमजन खुलकर तथ्यों के साथ में उपयोगी सूचनाएं साझा करते हैं। इनके आधार पर एसआईटी ने कार्रवाइयों को अंजाम दिया है, जिससे लोगों में यह विश्वास कायम हुआ है कि उनको सुना और समझा जा रहा है तथा उनकी सूचना पर एसओजी प्रभावी एक्शन ले रही है। इस सत्र के मॉडरेटर एडीजी (कार्मिक) संजीब कुमार नार्जरी थे।

### 'डिजिटल सिटीजन' तैयार करने के लिए साझा कैंपेन का सुझाव

ऑर्गेनाइजेशन कमेटी की चेयर पर्सन एवं एडीजी (ट्रेनिंग) मालिनी अग्रवाल ने बताया कि कांफ्रेंस के अंतिम दिन साइबर सिक्योरिटी, डार्क वेब, साइबर क्राइम इंवेस्टिगेशन एवं क्रिप्टो करेंसी के विषयों पर एडीजी (टी एंड टी) बिपिन कुमार पांडे के नेतृत्व में आईजी साइबर क्राइम शरत कविराज के साथ पुलिस ऑफिसर्स ने ग्रुप प्रजेंटेशन दिया। इस सत्र की अध्यक्षता डीजी (एसीबी) श्री रवि प्रकाश मेहरड़ा ने की। इस सत्र में यह बात प्रमुख रूप से उभरकर आई कि आने वाले समय में साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए प्रदेश में डिजिटल लिटरेसी और अवेयरनेस के लिए कैंपेन चलाते हुए नागरिकों को 'डिजिटल सिटीजन' के तौर पर सक्षम बनाने की जरूरत है। इसके लिए सभी स्तरों पर साझा प्रयास किए जाएं। सेशन में सोशल मीडिया पर पुलिस के स्तर से 'डिजिटल लाइजनिंग ग्रुप' बनाकर लोगों में विश्वास और जागरूकता के लिए 'पॉजिटिव ट्रेंड्स' चलाने के बारे में भी सुझाव दिया गया। इस सत्र के गेस्ट स्पीकर आईपीएस अधिकारी एवं आई4सी के सीईओ राजेश कुमार और आईपीएस एवं एसवीपीएनपीए के डिप्टी डायरेक्टर भूषण बोरास थे। उन्होंने साइबर सिक्योरिटी, डाटा वेब, साइबर क्राइम इन्वेस्टिगेशन विद स्पेशल रेफरेंस टू साइबर स्लेवरी, क्रिप्टो करेंसी, ब्लॉक चैन एवं बिटकॉइन जैसे विषयों पर ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण दिये। इसमें क्रिप्टो करेंसी से जुड़े फ्रॉड के मामलों की तहकीकात से लेकर पंचनामा तैयार करने में ध्यान रखने योग्य बिन्दुओं को रेखांकित किया गया। साथ ही इस सत्र में भरतपुर रेंज के आईजी राहुल प्रकाश के निर्देशन में साइबर अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन एंटी वायरस' के बारे में विशेष प्रस्तुतीकरण दिया गया।

### एजीटीएफ की सक्रियता से संगठित अपराधों पर नकेल

'इमर्जिंग ट्रेंड्स ऑफ क्राइम इन राजस्थानः इवोलविंग ए यूनिफाइड स्ट्रेटेजी टू कॉम्बेट इंटर एंड इंट्रा स्टेट गैंग्स' पर एडीजी क्राइम दिनेश एमएन की अगुआई में आईजी क्राइम ब्रांच प्रफुल्ल कुमार और पुलिस ऑफिसर्स की टीम द्वारा दिए गए प्रजेंटेशन में प्रदेश में संगठित अपराधों की पृष्ठभूमि, मौजूदा परिदृश्य और उस पर नियंत्रण के लिए गत महिनों में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि राजस्थान पुलिस की गैंगस्टर्स और उनसे जुड़े लोगों पर सतत कार्रवाइयों और सक्रिय प्रयासों से प्रदेश में गैंगवार और संगठित अपराध के प्रकरणों में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी और इनके उपभोग की रोकथाम के लिए संचालित अभियान में भारी मात्रा में अफीम, गांजा एवं डोडा पोस्त के साथ सिंथेटिक ड्रग्स और मेडिकेटेड ड्रग्स की भी जब्ती की गई है। सत्र के मॉडरेटर एडीजी (आर्म्ड बटालियन) आनंद श्रीवास्तव थे।

## संक्षिप्त समाचार

### गौ-सेवार्थ संगीतमय सुंदरकांड समिति कोटपूतली के तत्वावधान में एक शाम गौ माता के नाम

● कार्यक्रम का भव्य एवं रमणीय आगाज आज से




**चमकता राजस्थान। कोटपूतली-बहरोड ( धर्मेंद्र बंसल)** सुंदरकांड समिति के संयोजक जितेन्द्र जोशी ने बताया की आज सुंदरकांड समिति के चतुर्थ वार्षिकोत्सव का आयोजन बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जायेगा। जिसमे सुबह 9.15 बजे विशाल कलश यात्रा व भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकलेगी। यात्रा में 1300 महिलाएं कलश लेकर जयसिंह गौशाला से नगर भ्रमण करती हुई लक्ष्मी नारायण देवस्थान में पहुंचेगी। यात्रा में झाकिया, डीजे, बैंड बाजे के साथ बड़ी संख्या में पुरुष व मातृ शक्ति शामिल होगी व सायं 6.15 बजे से विश्व विख्यात भजन सम्राट, गौ ऋषि, तपस्वी संत श्री प्रकाश दास जी महाराज के द्वारा मंदिर के बाहर कृष्णा टाकीज रोड पर विशाल भजन संध्या होगी और मंदिर प्रांगण में भंडारा प्रसादी रहेगी। ये समिती भगवान श्री राम को आदर्श मान कर पिछले चार वर्षो से सुन्दरकाण्ड के पाठ व श्रीराम संकीर्तन के माध्यम से सनातन धर्म का प्रचार प्रसार निःशुल्क करती है और जो भी राशि चढ़ावे में आती है वो ( गौ सेवा कार्यों में ही खर्च की जाती है )। सनातन धर्म में गौ सेवा को सबसे श्रेष्ठ बताया गया है। गाय माता एक चलता फिरता मंदिर है हमारे सनातन धर्म में तैतीस कोटि देवी देवता है, हम रोजाना तैतीस कोटि देवी देवताओं के मंदिर जाकर उनके दर्शन नही कर सकते पर गौ माता के दर्शन करने से ही सभी देवी देवताओं के दर्शन हो जाते है। गौ माता को चारा खिलाने मात्र से तैतीस कोटि देवी देवताओं के भोग लग जाता है ,जो व्यक्ति गौ माता की सेवा पूजा करता है उस पर आने वाली सभी प्रकार की विपदाओं को गौ माता हर लेती है ।

## कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी : पटेल

### कोटपूतली विधानसभा में भाजपा सदस्यता अभियान का आगाज

● भाजपा पूरब मण्डल कार्यशाला का हुआ आयोजन।

चमकता राजस्थान




कोटपूतली बहरोड (धर्मेंद्र बंसल) । भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश भर में शुरू किये गये सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर है। कोटपूतली विधानसभा में शुक्रवार को भाजपा सदस्यता अभियान का आगाज पूरब मण्डल में कार्यशाला के साथ हुआ। जहाँ विधायक हंसराज पटेल ने बतौर मुख्य अतिथि पं. दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी व भारत माता के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया। इस मौके पर कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये पटेल ने कहा कि अपनी स्थापना से लेकर आज तक भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी रही है। जहाँ जमीन से जुड़ा हुआ कार्यकर्ता भी उच्च पदों तक पहुंच पाया है। ऐसा उदाहरण अन्य पार्टीयों में देखने को नहीं मिलता। लोकतांत्रिक व्यवस्था में भाजपा लोकतांत्रिक पार्टी है। जिसके कार्यकर्ता ही उसकी रीढ़ की हड्डी है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनाने की अपील की। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुये भाजपा जयपुर देहात उत्तर के जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा ने कहा कि समाज के प्रत्येक तबके में जाकर हर वर्ग से जुड़े व्यक्ति को भाजपा से जोड़े, तभी यह सदस्यता अभियान साकार होगा। मण्डल संयोजक इंजी. विक्रम कसाना ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद् ज्ञापित किया। सदस्यता अभियान के विधानसभा संयोजक जयराम सिंह गुर्जर ने भी अभियान की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा नेता डॉ. पंकज सिंह व जिला महामंत्री गोपाल मोरीजावाला ने भी विचार व्यक्त किये। मंच संचालन हव. कमलेश छावड़ी ने किया। इस दौरान युवा मोर्चा के जिला संयोजक कमल कसाना, जिला कोषाध्यक्ष शशि मित्तल, पंसस प्रतिनिधि वीरू कसाना, भूपेन्द्र यादव, रूपसिंह शेखावत, महेन्द्र छेपट, दयाराम लोमोड़, नारायण शर्मा, अजय राठौड़, पंकज शर्मा, एड. अजय टेलर, किशोर कसाना समेत अन्य मौजूद रहे।

## राजिक फर्शीवाला राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (भारत सरकार) मे सलाहकार नियुक्त

● प्रशंसकों में छायी खूशी की लहर, लगा शुभकामनाएं देने वालों का तांता

**चमकता राजस्थान। जयपुर/ दिल्ली (खलील कुरैशी)** राष्ट्रीय गौ सेवा संघ के राष्ट्रीय महासचिव एवं भाजपा नेता राजिक फर्शीवाला कुरैशी को मध्यप्रदेश सरकार मे कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की अनुसंशा पर राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन अध्यक्ष इ×कबाल सिंह लालपुरा ( कंद्रीय कैबिनेट मंत्री दर्जा ) ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग मे सलाहकार नियुक्त किया है इसके पूर्व भी राजिक फर्शीवाला भारत सरकार की कई कमेटीयो ने सलाहकार रहे ! इनकी नियुक्ति पर भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओ ने बधाई दी!इस अवसर पर राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा (कंद्रीय कैबिनेट मंत्री दर्जा ) ने राजिक फर्शीवाला को नियुक्ति पत्र एवं पुष्प गुच्छे देकर शुभकामनायें दी




# पूर्व मंत्री कैलाश चौधरी ने शौर्य चक्र विजेता विकास जाखड़ की मारपीट के घटनाक्रम को लेकर दिया बड़ा बयान

## पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने कांग्रेस विधायक रफीक खान पर लगाए गुंडागर्दी के आरोप

चमकता राजस्थान

जयपुर,( खलील कुरैशी) 30 अगस्त 2024 पूर्व केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री एवं बाड़मेर जैसलमेर के पूर्व सांसद कैलाश चौधरी ने शुक्रवार को कांग्रेस विधायक रफीक खान पर शौर्य चक्र विजेता विकास जाखड़ के साथ मारपीट मामले में गुंडागर्दी के आरोप लगाए। पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि कांग्रेसी विधायक रफीक खान अब तुम्हारे बुरे दिन आए है, जो आपने माँ भारती की रक्षा के लिए वीरता का प्रदर्शन करने वाले राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित विकास जाखड़ पर अपने गुंडों के माध्यम से कायराना हमला करवाया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने सोशल मीडिया अकाउंट पर शायरी अंदाज में लिखा कि गीदड़ की जब मौत आती है, तो वह शहर की तरफ भागता है। रफीक खान, तुमने शेर के मुंह में हाथ डाला है, भारी कीमत चुकानी होगी।

● पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत और प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा को लेकर कहा कि उनका जमीर मर चुका

गहलोत और डोटासरा का जमीर मर गया : शौर्य चक्र विजेता विकास जाखड़ और विधायक रफीक खान मामले को लेकर कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व पर अपने नेता को बचाने का आरोप लगाते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि मुझे तो ताज्जुब होता है कि अकेले जवान पर विधायक रफीक खान के गुंडों ने हमला किया, जबकि वह एक पीड़ित के रूप में अपनी बात रख रहे थे। उनके परिवार को विधायक और उसके गुंडों ने परेशान किया। कैलाश चौधरी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा कांग्रेस विधायक रफीक खान पर कार्यवाही करने के बजाय उल्टे जवान पर आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेसी नेताओं का जमीर मर चुका है इसीलिए वह देश की रक्षा में अपना जीवन समर्पित करने वाले जवानों को प्रताड़ित करने में लगे हुए है।



## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में 'आप' ने बीजेपी पर लगाया ऑपरेशन लोटस चलाने का आरोप, संजय सिंह बोले- 'ये अपहरण गैंग...'



**नयी दिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों के बीच सेंधमारी शुरू हो गई है। हर दल विरोधी दलों के विधायक, पार्षद और नेता को तोड़कर अपने दल में शामिल करने की हरसंभव कोशिश में जुट गया है। इसमें सबसे बड़ी कोशिश बीजेपी की नजर आई और वो इसमें कामयाब भी रही।दरअसल कुछ दिन पहले ही बीजेपी ने आम आदमी पार्टी के पांच पार्षदों को तोड़कर अपनी पार्टी में शामिल करवा लिया। एक साथ पांच पार्षदों का पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल होना आप के लिये बहुत बडा झटका था।वो भी ऐसे समय में जब नगर निगम में स्टेंडिग कमिटी के चुनाव होने है और एक-एक पार्षद पार्टी के लिये बेहद ज़रूरी है। साथ ही आम आदमी पार्टी के लिए इसलिए भी ये बड़ा झटका है क्योंकि कुछ महीने बाद ही दिल्ली में विधानसभा चुनाव भी होने है। हालांकि इन पार्षदों के बीजेपी में शामिल हुए पांच ही दिन हुए थे कि इनमें से एक पार्षद को वापस लाने में आप भी कामयाब रहीं। शाहबाद डेयरी से निगम पार्षद राम चंद्र ने 29 अगस्त को अपने सियासी घर में वापसी करते हुए कहा कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल मेरे सपने में आए थे। उसके बाद मैंने अपनी पार्टी में घर वापसी का फैसला लिया। साफ है कि दोनों ही प्रमुख पार्टियां लगातार इस तरह की तोड़-फोड़ में लगी है।

वहीं इस पूरे मामले के बाद आम आदमी पार्टी एक बार फिर बीजेपी पर हमलावर हो गई है और पार्टी नेताओं ने बीजेपी पर ऑपरेशन लोटस चलाकर खरीद-फरोख्त के आरोप लगाने शुरू कर दिए है। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि हमारा चुनाव निशान झाड़ू है और जिनके दिमाग में ये सत्ता का नशा है। उनके दिमाग पर यहां की जनता झाड़ू मारकर उन्हें ठीक करेगी. हम लोग भी ठीक करेंगे।

### किडनैपर से लिपटकर फूट-फूट रोया मासूम

- 14 महीने पहले हुआ था अगवा, आरोपी के भी छलक पड़े आंसू



**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर से एक दिलचस्प मामला सामने आया है। एक वीडियो में दिखाया गया है कि 14 महीने पहले एक बच्चे का अपहरण करने वाले आरोपी को पकड़ लिया गया। जब आरोपी को गिरफ्तार किया गया और बच्चे को सौंपा गया, तो बच्चा आरोपी के गले लगकर रोने लगा। बच्चे की इस भावनात्मक प्रतिक्रिया को देखकर आरोपी भी अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सका और वह भी रो पड़ा। इस अनोखे दृश्य का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। 14 जून 2023 को जयपुर के सांगानेर से 11 महीने का बच्चा, पृथ्वी उर्फ कुक्कू, अपहृत हो गया था। पुलिस ने 14 महीने बाद आरोपी को गिरफ्तार कर बच्चे को बरामद किया। जब बच्चे को उसके परिवार को सौंपा जाने लगा, तो बच्चा अपहरणकर्ता को छोड़ने को तैयार नहीं था और जोर-जोर से रोने लगा। इस दृश्य को देखकर पुलिसकर्मियों की भी आंखें नम हो गईं। रिपोर्टों के अनुसार, आरोपी का नाम तनुज चाहर है, जो उत्तर प्रदेश पुलिस में हेड कांस्टेबल था और फिलहाल निलंबित है। उसने बच्चे को अपनी कैद में सुरक्षित रखा और उसे नए कपड़े और खिलौने भी दिलाए।

**शिकायतकर्ता ने होमगार्ड आरक्षक द्वारा 30 हजार रुपये रिश्वत मांगने की झूठी शिकायत दी गई थी**

# ए.सी.बी ने अपने मुखिया डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा के निर्देशन में करी न्यायसंगत कार्रवाई

## एसीबी द्वारा पुलिस थाना शिवाजीपार्क, अलवर शहर में अपने ही शिकायतकर्ता के विरूद्ध धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कराया

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 30 अगस्त, शुक्रवार।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की अलवर-प्रथम इकाई द्वारा दिनांक 29-8-2024 को ट्रेप कार्यवाही करते हुये सहजुदीन होमगार्ड आरक्षक कार्यालय जिला कमाण्डेंट, होमगार्ड अलवर को परिवादी से 30 हजार रुपये रिश्वत राशि मांगने के आरोप पर पकड़ा था। उक्त मामले में ए.सी.बी. द्वारा मामला झूठा पाया जाने पर अपने शिकायतकर्ता के विरूद्ध पुलिस थाना शिवाजी पार्क, अलवर शहर में धोखाधड़ी का मामला





दर्ज कराया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि दिनांक 22.08.2024 को परिवादी महबूब अली द्वारा एसीबी अलवर प्रथम कार्यालय में स्वयं का हस्तलिखित एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें रिश्वत मांग पर कार्रवाई करने का उल्लेख था। उक्त शिकायत पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर, दिनांक 29.08.2024 को सहजूदीन होमगार्ड के विरुद्ध ट्रेप कार्यवाही की गई। ट्रेप कार्रवाई के दौरान रिश्वत राशि के आदान-प्रदान के क्रम में डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर में करवाई गई रिकॉर्डिंग सुनने के पश्चात रिकॉर्डिंग में विरोधाभाषी एवं संदिग्ध तथ्य पाये जाने पर ए.सी.बी. टीम द्वारा विस्तृत जांच की गई, जिसमें खुलासा हुआ कि महबूब अली, मकसूर और कपिल जाटव ने मिलकर सहजुद्दीन खान के विरुद्ध षड्यंत्र रचा। उन्होंने कपिल को सहजूदीन के रूप में प्रस्तुत करए.सी.बी. में फर्जी रिश्वत मांग सत्यापन करवाया। महबूब अली, मकसूर और कपिल जाटव ने षडयंत्र पूर्वक होमगार्ड में भर्ती करवाने के नाम पर रिश्वत की मांग का रिकॉर्ड वार्तालाप करवाया और बाद में 450 वर्गगज के तीन प्लॉट के बदले 30,000 रुपये की राशि सहजूदीन को देने की योजना बनाई। उक्त तीनों द्वारा तथ्यों को छुपाते हुए, षड्यंत्र कर ट्रेप कार्यवाही करवाने के इस मामले में, ए.सी.बी के अलवर-प्रथम इकाई के ट्रेप अधिकारी उप अधीक्षक पुलिस महेन्द्र कुमार द्वारा पुलिस थाना शिवाजी पार्क में आरोपियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता, (बी.एन.एस.) 2023 व सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम, 2018 के अन्तर्गत धोखाधड़ी एवं कूटकरण का मामला दर्ज कराया गया है। थाना शिवाजी पार्क, अलवर शहर द्वारा मामले में आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की हैल्पलाईन नं. 1064 एवं Whatsapp हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 24x7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।

## होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के प्रतिनिधि मंडल ने डायरेक्टर से वार्ता कर पर्यटक स्थलों की समस्याओं के समाधान की करी मांग

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के प्रतिनिधि मंडल ने मौजूदा राजस्थान सरकार में डायरेक्टर डिपार्मेंट आफआर्कियोलॉजी एवं म्यूजियम गवर्नमेंट ऑफ़ राजस्थान पंकज धरेंद्र से करी भेंट वार्ता कर पर्यटक स्थलों में व्याप्त समस्याओं के समाधान के संबंध में मुलाकात कर पर्यटकों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर की निम्न मुख्य विषय रखे !टिकट खिड़की से लेकर आमेर फोर्ट के अंदर एवं अन्य स्थानो पर सफाई एवं सार्वजनिक टॉयलेट सुविधा की सफाई प्रतिदिन समय पर की जाने की आवश्यकता आमेर फोर्ट विश्व धरोहर स्मारकों की सूची में सम्मिलित है. एवं पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र भी है. यहां पर जीपों की अधिक संख्या होने से पार्किंग की असुविधा, ध्वनि और वायु प्रदूषण में वृद्धि हो रही है .इससे निजात पाने के लिए जीप के स्थान पर बैटरी रिक्शा प्रारंभ किया जाए. जिससे पार्किंग एवं



पॉल्यूशन की समस्या से निजात मिले. सभी रिक्शा ड्राइवर द्वारा प्रतिदिन यूनिफॉर्म का उपयोग किया जाए जिससे पर्यटकों का विश्वास और एक अच्छा संदेश जयपुर से लेकर जाए!सभी पर्यटक गाइड के स्पेसिफाइड ड्रेस हो एवं प्रत्येक के बेज पर नाम लिखा हो. जिसे अनऑथराइज्ड गाइड की पहचान हो सके हवा महल पर आने वाले पर्यटकों के लिए पार्किंग की समुचित व्यवस्था हो! जयपुर की सभी दिशाओं में प्रमुख प्रवेश द्वार पर पर्यटन स्थलों की समुचित जानकारी के बैनर लगे. जिससे पर्यटक आसानी से जयपुर में अधिक से अधिक रुक कर सभी मॉन्यूमेंट्स/ दर्शनीय स्थान देख सके!होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान ने विभाग से लगातार कोऑर्डिनेट कर अपने सहयोग का भरोसा दिलाया !

- **ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर होटल फेडरेशन आफ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणविजय सिंह,कोषाध्यक्ष संदीप गोगिया, कार्यकारिणी सदस्य सत्येंद्र पाल सिंह जुनैद एवं अन्य सम्मिलित रहे।

### रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के तहत 450 रुपये में मिलेगा गैस सिलेंडर

- 1 सितम्बर से मिलेगा जिले के पात्र परिवारों को लाभ

**चमकता राजस्थान। कोटपूतली-बहरोड़,(धर्मेंद्र बंसल)।** 30 अगस्त।1 सितम्बर से ''रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना'' के तहत पात्र परिवारों को 450 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। इस योजना के तहत प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं चयनित बीपीएल परिवारों के साथ साथ प्रदेश के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के परिवार पात्र होंगे।

राज्य सरकार द्वारा इस योजना में 1सितंबर से ग़रीब की रसोई को महंगाई से राहत प्रदान की जाएगी। जिला रसद अधिकारी संदीप माथुर ने बताया कि इस योजना का नोडल विभाग खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग है तथा ज़िला रसद कार्यालय द्वारा उज्ज्वला योजना के साथ साथ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के पात्र परिवारों का रेंडम निरीक्षण किया जाकर गैस सिलेंडर का सही उपयोग होने का सत्यापन किया जाएगा।ज़िला रसद अधिकारी ने बताया कि वर्तमान मेंकोटपूतली-बहरोड़ ज़िले में लगभग 1 लाख 05 हज़ार उज्ज्वला गैस कनेक्शन है तथा खाद्य सुरक्षा में कुल 2 लाख 05 हजार परिवार है। खाद्य सुरक्षा के ऐसे पात्र परिवार जिन्हें प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में लाभ प्राप्त नहीं हुआ है, वे परिवार 450 रुपए में एक सिलेंडर प्रति माह प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि अनुदान राशि राज्य सरकार द्वारा मासिक आधार पर उपभोक्ता के जनाधार से लिंक बैंक खाते में स्वतः जमा कर दी जाएगी।जिला रसद अधिकारी संदीप माथुर ने बताया कि रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के ऐसे परिवार पात्र होंगे जिनके द्वारा ई-केवाईसी करवाई जा चुकी है। ऐसे परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए अपने राशन कार्ड को एलपीजी आईडी व जनाधार से सीडिंग करवाये जाने पश्चात ही सब्सिडी का लाभ प्राप्त हो पाएगा। उन्होंने बताया कि सीडिंग का कार्य ई-मित्र व उचित मूल्य दुकानों पर स्थापित पोस मशीन के माध्यम से किया जा रहा है।

# जब राहुल गांधी ने विरोधी को किया चारो खाने चित, स्पोर्ट्स डे पर दिखा राहुल गांधी का अलग अंदाज, किया एक और एलान

नयी दिल्ली/एजेंसी।

नेशनल स्पोर्ट्स डे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज सभी को एक अलग अंदाज में विश किया है। दरअसल, राहुल गांधी ने आज एक पुराना वीडियो शेयर किया है। ये वीडियो राहुल के भारत जोड़ो न्याय यात्रा का है, जिसमें वो मार्शल आर्ट की प्रैक्टिस करते दिख रहे हैं। इस वीडियो में राहुल गांधी बच्चों के साथ मार्शल आर्ट करते दिख रहे हैं।

### वीडियो में मार्शल आर्ट करते दिखे राहुल

वीडियो शेयर करते हुए राहुल ने लिखा, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जब हम हजारों किलोमीटर की यात्रा कर रहे थे, तो हमारे शिविर स्थल पर हर शाम जिउ-जित्सु (मार्शल आर्ट) का अभ्यास करना हमारी दिनचर्या थी। फिट रहने के एक सरल तरीके के रूप में शुरू हुआ यह काम जल्द ही एक सामुदायिक गतिविधि में बदल गया, जिसमें हम जिन शहरों में रुके थे, वहां के साथी यात्री और युवा मार्शल आर्ट के छात्र एक साथ आए।

### बच्चों को सिखाया 'जेंटल आर्ट'

राहुल ने कहा कि हमारा लक्ष्य इन युवा बच्चों को 'जेंटल आर्ट' की सुंदरता से परिचित कराना था। उन्होंने कहा कि मार्शल आर्ट ध्यान, जिउ-जित्सु और अहिंसक संघर्ष समाधान तकनीकों का एक सामंजस्यपूर्ण मिश्रण है। हमारा उद्देश्य उनमें हिंसा को सौम्यता में बदलने का मूल्य भरना था।

### एक और एलान किया

राहुल ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस पर मैं आप सभी के साथ अपना अनुभव साझा करना चाहता हूं, उम्मीद है कि आप में से कुछ लोग 'जेंटल आर्ट' का अभ्यास करने के लिए प्रेरित होंगे। इसी के साथ उन्होंने एलान किया कि भारत जोड़ो यात्रा जल्द ही दोबारा आ रही है।







## संक्षिप्त खबरें

### पिकलबॉलः आंद्रे अगासी पीडब्ल्यूआर डीयूपीआर इंडियन टूर एंड लीग को हरी झंडी दिखाने आएंगे भारत



नई दिल्ली। आठ बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और पूर्व विश्व नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी आंद्रे अगासी जनवरी 2025 में भारत का दौरा करेंगे और आधिकारिक तौर पर पीडब्ल्यूआर डीयूपीआर इंडियन टूर एंड लीग को हरी झंडी दिखाएंगे, जो एक भव्य पिकलबॉल टूर है।
आठ ग्रैंड स्लैम एकल खिताबों के साथ अपने शानदार टेनिस करियर के लिए जाने जाने वाले अगासी, जिन्होंने चार ऑस्ट्रेलियाई ओपन, एक फ्रेंच ओपन, एक विंबलडन और दो यूएस ओपन शामिल हैं, साथ ही 1996 के अटलांटा ओलंपिक में पुरुष एकल में स्वर्ण पदक भी जीत चुके हैं, ने इस उद्यम का हिस्सा बनने के लिए अपनी खुशी व्यक्त की। अपने भारतीय प्रशंसकों के लिए अगासी ने एक प्रेस विज्ञप्ति के हवाले से कहा, मैं भारत आने और पिकलबॉल के रोमांच को इसके प्रशंसकों तक पहुंचाने के लिए उत्साहित हूं।

### पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच का पहला दिन बारिश में धुला



रावलपिंडी। लगातार बारिश के कारण शुक्रवार को रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच का पहला दिन धुल गया। पिछले सप्ताह इसी मैदान पर ऐतिहासिक 10 विकेट से जीत दर्ज करने के बाद बांग्लादेश दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रहा है। खिलाड़ी और टीम के अधिकारी होटल में ही रुके रहे और अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:05 बजे खेल को रद्द कर दिया, क्योंकि बारिश जारी थी और आउटफील्ड जलमग्न हो गई थी। दोनों टीमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग के निचले आधे हिस्से में हैं, जिसमें बांग्लादेश सातवें और पाकिस्तान आठवें स्थान पर है। पिछले साल शान मसूद को कप्तान बनाए जाने के बाद से लगातार चार टेस्ट मैच हारने वाली पाकिस्तान ने दिसंबर 2021 में दक्षिण अफ्रीका को हराने के बाद से कोई घरेलू टेस्ट नहीं जीता है। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शेष चार टेस्ट मैच ड्रॉ रहे। पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए खराब फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को टीम से बाहर कर दिया और लेग स्पिनर अबरार अहमद के साथ बाएं हाथ के दूसरे गेंदबाज मीर हमजा को टीम में शामिल किया।

### यह सिर्फ टीम नहीं मेरा परिवार हैः राजन चोपड़ा



नई दिल्ली। वेस्ट दिल्ली लायंस को भले ही अपने हालिया मैचों में चुनौतियों का सामना करना पड़ा हो, लेकिन टीम के मालिक डॉ. राजन चोपड़ा टीम को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं। टीम के आशाजनक प्रदर्शन न करने के बावजूद भी उन्हें इस बात से काफी तसल्ली है कि दिल्ली के खिलाड़ी अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे दिल्ली प्रीमियर लीग टी20 के मंच पर चमक रहे हैं। गुरुवार को बारिश के चलते बाधित हुए मैच में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने वेस्ट दिल्ली लायंस को 7 विकेट से हरा दिया। वेस्ट दिल्ली लायंस ने भरपूर प्रयास किया, लेकिन इंद्र देवता को कुछ और ही मंजूर था।

### लिवरपूल ने जुवेंटस के इतालवी विंगर फेडेरिको चिएसा के साथ किया करार



लंदन। लिवरपूल ने 10 मिलियन पाउंड (13 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की शुरुआती फीस पर जुवेंटस से इतालवी विंगर फेडेरिको चिएसा के साथ करार किया है। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने इस गर्मी में आर्ने स्लॉट की टीम में शामिल होने के लिए चार साल का अनुबंध किया है (हालांकि लिवरपूल ने गोलकीपर जियोर्जी ममारदाशविली को भी अनुबंधित किया है और उन्हें वेलेंसिया को वापस ऋण पर दिया है)।

# यूएस ओपनः नाओमी ओसाका दूसरे दौर में बाहर

एजेंसी

न्यूयॉर्क। दो बार की चैंपियन जापान की नाओमी ओसाका की अमेरिकी ओपन में वापसी गुरुवार को दूसरे दौर में समाप्त हो गई, जब वह 52वीं रैंकिंग की चेक गणराज्य की कैरोलिन मुचोवा से 6-3, 7-6 (7/5) से हार गईं। 2018 और 2020 में विजेता रहीं जापान की ओसाका अपनी बेटी शाई के जन्म के कारण पिछले साल प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाई थीं। 2022 में ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद से वह किसी ग्रैंड स्लैम के तीसरे दौर में आगे नहीं बढ़ पाई हैं। कोर्ट पर वापसी में ओसाका को अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा है, शुरुआती दौर में जेलेना ओस्टापेंको के खिलाफ उनकी जीत चार साल में शीर्ष दस में स्थान पाने वाली किसी महिला पर उनकी पहली जीत दर्ज थी। दूसरी तरफ मुचोवा पिछले साल न्यूयॉर्क में सेमीफाइनलिस्ट थीं और कलाई की सर्जरी के कारण नौ महीने तक बाहर रहने से पहले दुनिया में नौवें स्थान पर थीं। ओसाका ने आर्थर ऐश स्टेडियम में शानदार वापसी करते हुए अच्छी शुरुआत की, जहाँ 2018 में उन्होंने सेरेना विलियम्स को हराकर पहली ग्रैंड स्लैम जीत दर्ज की थी। इस बार, ओसाका स्पॉटलाइट के लिए डिजाइन किए गए काले रंग के कस्टमाइज्ड नाइकी आउटफिट में कोर्ट पर उतरीं। उन्होंने अच्छी शुरुआत की, लेकिन वे शुरुआती ब्रेक पॉइंट का फायदा उठाने में विफल रहीं और मुचोवा द्वारा नेट पर लगातार दबाव बनाए रखने के दौरान कई गलतियां कीं।

### चेक गणराज्य की खिलाड़ी ने लगातार पांच गेम जीते

चेक गणराज्य की खिलाड़ी ने लगातार पांच गेम जीते और शुरुआती सेट में 4-3 की बढ़त हासिल की और अंत में पहला सेट 6-3 से अपने नाम किया। दूसरे सेट में 1-1 की बराबरी पर कड़ी पकड़ के साथ, ओसाका ने मुचोवा की सर्विस तोड़कर 5-4 की बढ़त हासिल की। हालांकि, उन्होंने अगले गेम में तीन सेट के मौके गंवाए, जिससे मुचोवा को फिर से बढ़त हासिल करने का मौका मिला। ओसाका ने फिर एक लंबे फोरहैंड के साथ सेट को बराबर कर दिया। इसके बाद मैच टाईब्रेकर में गया, जहां मुचोवा ने बाजी मारी।



### यूएस ओपनः जननिक सिनर ने दूसरे दौर में दर्ज की आसान जीत

न्यूयॉर्क। विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी जननिक सिनर ने अमेरिकी एलेक्स मिशेलसन को सीधे सेटों में 6-4, 6-0, 6-2 से हराकर यूएस ओपन के पुरुष एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया। इस जीत के साथ, सिनर ने सीजन की अपनी 50वीं जीत और हार्ड कोर्ट पर अपने दौर की 30वीं जीत दर्ज की। गुरुवार दोपहर (स्थानीय समयानुसार) आर्थर ऐश स्टेडियम में सिनर ने शानदार प्रदर्शन किया और 49वें स्थान पर रहने वाले नेक्स्टजेन एटीपी स्टार को हराकर एक मुश्किल मुकाबले को आसान जीत में बदल दिया। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 2024 में शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने पहले मेजर सहित पांच खिताब जीते हैं।



# पेरिस पैरालिंपिकः शटलर मानसी जोशी का महिला एकल स्पर्धा में अभियान समाप्त

एजेंसी

पेरिस। भारत की पैरा शटलर मानसी जोशी महिला एकल एसएल3 ग्रुप ए मैच में यूक्रेन की ओक्साना कोज़िना से मिली हार के बाद पोर्ट डी ला चैपल एरिना में चल रहे पैरालिंपिक से बाहर हो गई हैं। ग्रुप ए में अपने शुरुआती मैच की तरह, मानसी ने शुरुआती सेट में बढ़त हासिल की, लेकिन अगले दो सेट हार गईं।
मानसी ने मैच में अच्छी शुरुआत की और पलक झपकते ही, उसने शुरुआती सेट में 21-10 से जीत हासिल की और 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। दूसरे सेट में, ओक्साना ने शानदार तरीके से जवाब दिया और एक प्रभावशाली समग्र प्रदर्शन के साथ बाजी पलट दी। उसने मानसी को पीछे धकेल दिया और 15-21 से जीत के साथ 1-1 की बराबरी हासिल की।
मैच के निर्णायक सेट में में, मानसी ने अपनी घबराहट को शांत किया और जीत के साथ आगे बढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार दिखी। हालांकि, ओक्साना के पास कुछ और ही योजना थी। उसने अंत में तीन अंकों की कमी को दूर किया और 23-21 से जीत के साथ मैच अपने नाम कर लिया। इस हार के साथ ही मानसी इस इवेंट से बाहर हो गई हैं।
बता दें कि इस साल भारत ने पैरालिंपिक में अब तक का अपना सबसे बड़ा दल भेजा है, जिसमें 12 खेलों के 84 एथलीट शामिल हैं, जो देश के बढ़ते पैरा-स्पोर्ट्स इकोसिस्टम का प्रमाण है।
पेरिस 2024 पैरालिंपिक में भारत की भागीदारी न केवल संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है, बल्कि पदक की उम्मीदों में भी वृद्धि करती है, क्योंकि देश का लक्ष्य टोक्यो में अपनी पिछली उपलब्धियों को पार करना है।
टोक्यो 2020 पैरालिंपिक में, भारतीय बैडमिंटन दल ने दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल चार पदक हासिल किए। टोक्यो 2020 भारत का सबसे सफल पैरालिंपिक खेल था, जिसमें देश ने पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य सहित 19 पदक जीते।

### मानसी ने मैच में अच्छी शुरूआत की पलक झपकते ही21-10 से जीत हासिल की



# विश्व कप के बाद टी20 कप्तानी छोड़ देंगी सोफी डिवाइन

एजेंसी

वेलिंगटन। सोफी डिवाइन अक्टूबर में होने वाले महिला टी20 विश्व कप के बाद न्यूजीलैंड की टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान के पद से हट जाएंगी। 34 वर्षीय डिवाइन अभी भी वनडे टीम की कप्तान बनी रहेंगी। डिवाइन ने 2014-15 सीजन में स्टैंड-इन कप्तान के रूप में और फिर 2020 में एमी सैटरथवेट से पूर्णकालिक भूमिका निभाते हुए 56 टी20 में न्यूजीलैंड का नेतृत्व किया है, जिसमें टीम ने 25 में जीत दर्ज की है और 28 में टीम को हार का सामना करना पड़ा है, जबकि 1 मैच टाई रहा है। डिवाइन, जो 2006 में अपने पदार्पण के बाद से 135 मैचों में 3268 रन के साथ प्रारूप में न्यूजीलैंड की सर्वकालिक दूसरी सबसे बड़ी स्कोरर हैं, ने कहा कि कार्यभार संतुलन की उनकी इच्छा ने यह निर्णय लिया। डिवाइन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड (एनजेडसी) के हवाले से कहा, मुझे दोनों प्रारूपों में व्हाइट फर्न्स की कप्तानी करने का सौभाग्य मिलने पर बहुत गर्व है। कप्तानी के साथ एक अतिरिक्त कार्यभार भी आता है, जिसे उठाने में मुझे मजा आता है, लेकिन कई बार यह चुनौतीपूर्ण भी हो सकता है।



### विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिपः पूजा नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ ऊंची कूद के फाइनल में

एजेंसी

लीमा (पेरू)। भारतीय एथलीट पूजा सिंह ने लीमा में चल रही विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप में महिलाओं की ऊंची कूद के क्वालिफिकेशन दौर में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ 9वें स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया है। 17 वर्षीय पूजा ने 1.83 मीटर की ऊंचाई पार करके गुरुवार देर रात महिलाओं की ऊंची कूद के क्वालिफिकेशन राउंड ग्रुप बी में दूसरा और कुल मिलाकर नौवां स्थान प्राप्त किया।
इस प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ वह 31 अगस्त को होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई कर गई।
इससे पहले पूजा सिंह का बेस्ट प्रदर्शन कोरिया में 20वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 1.82 मीटर का था। उन्होंने इस प्रतियोगिता में रजत पदक जीता था।




# अवनि, मोना महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा के फाइनल में

एजेंसी

शैटौरॉक्स। मौजूदा पैरालंपिक चैंपियन अवनि लेखारा और निशानेबाज मोना अग्रवाल ने शुक्रवार को चल रहे पैरालिंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है।
मोना ने 623.1 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन राउंड पूरा किया और पांचवां स्थान हासिल किया, वहीं अवनि ने 625.8 के स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। क्वालिफिकेशन विश्व रिकॉर्ड रखने वाली यूक्रेन की शूटर इरीना शचेतनिक ने 627.5 के स्कोर के साथ पैरालंपिक क्वालिफिकेशन रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने टोक्यो में चीन की झांग क्यूपिंग द्वारा बनाए गए 626.0 के पिछले मार्क को बेहतर किया।

### चौथी सीरीज में अवनि ने अपना जादू बिखेरा



चौथी सीरीज में अवनि ने अपना जादू बिखेरा और उल्लेखनीय प्रयास के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। अपने सहज प्रदर्शन के दम पर उन्होंने चौथी सीरीज में 105.3 अंक प्राप्त किए। जबकि मोना 9.9 शॉट के साथ एक बार दस अंक के निशान से चूक गईं और चौथी सीरीज के बाद पांचवें स्थान पर खिसक गईं। पांचवीं सीरीज के अंत के बाद अवनि ने एक और बेहतरीन प्रदर्शन के साथ शीर्ष पर अपनी स्थिति बनाए रखी। 105.6 के स्कोर के साथ अवनि ने पांचवीं सीरीज में अपना दबदबा बनाए रखा और शीर्ष पर बनी रहीं। इस बीच, मोना एक बार फिर दो मौकों पर दस अंक के निशान से चूक गईं। उन्होंने सीरीज के अंत में 9.7 और 9.9 अंक बनाए, जिसके बाद वह 104.1 अंक के साथ छठे स्थान पर खिसक गईं।

## व्यापार

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 3 लाख करोड़ के पार

संवाददाता

रांची/जमशेदपुर। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपने एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के तहत 3 लाख करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। 31 जुलाई, 2024 तक कंपनी का एयूएम 3.14 लाख करोड़ रुपए दर्ज किया गया।
श्री अनूप बागची, एमडी और सीईओ, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस, ने कहा, एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के तहत 3 लाख करोड़ रुपए की उपलब्धि हासिल करना हमारे लिए गर्व का विषय है। यह हमारे उत्पादों के प्रति ग्राहकों की पसंद को दर्शाता है। साथ ही, उनके दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता के रूप में हम पर उनके भरोसे को भी उजागर करता है। हमने अपने उत्पादों और प्रक्रियाओं को सरल बनाकर हमारे एसेट्स अंडर मैनेजमेंट में वृद्धि की है।
उन्होंने आगे कहा, ग्राहक अपनी बचत को सुरक्षित रखने और अपने परिवारों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए हम पर भरोसा करते हैं। हम सख्त निवेश और जोखिम प्रबंधन प्रथाओं का पालन करते हुए, उनकी बचत का ध्यान रखते हैं। इस दृष्टिकोण ने हमें कंपनी की शुरुआत से लेकर विभिन्न बाजार स्थितियों के दौरान किसी भी गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स) से बचने में मदद की है।
श्री बागची ने आगे कहा, हम मानते हैं कि जीवन बीमा न सिर्फ व्यक्ति या समाज को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि धन सृजन और सेवानिवृत्ति आय की प्राथमिक जरूरतों को भी पूरा करता है। ऐसे में, हमारे उत्पाद और प्रक्रियाएँ इन सभी जरूरतों को कुशलता से पूरा करने के लिए तत्पर हैं। जीवन बीमा को सरल बनाने और नवीन उत्पाद विकसित करने में प्रौद्योगिकी समाधान मददगार साबित हुए हैं। वे हमें ग्राहक अनुभव को बढ़ाने वाले सही चैनल के माध्यम से सही कीमत पर सही ग्राहक को सही उत्पाद पेश करने में भी सक्षम बनाते हैं। वादों को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता वित्त वर्ष 2024 के लिए हमारे 99.17% के दावा निपटान अनुपात में परिलक्षित होती है। यह सिर्फ 1.27 दिनों के टर्नअराउंड समय के साथ उद्योग में सर्वश्रेष्ठ में से एक है।

### सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी में बदलाव नहीं


एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोना मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। हालांकि चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। गिरावट की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 73,390 रुपये से लेकर 73,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 67,290 रुपये से लेकर 67,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु भी 88,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 73,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,290 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,290 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,190 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 73,240 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 67,140 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 73,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है।

# शेयर बाजारः ओपनिंग के साथ बना मजबूती का नया रिकॉर्ड

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार मजबूती का नया रिकार्ड बनाने में सफल रहा। सेंसेक्स और निफ्टी ने कारोबार की शुरुआत ही ऑल टाइम हाई के नए लेवल से की। बाजार खुलने के बाद लिवाली के सपोर्ट से निफ्टी में और तेजी आई। हालांकि इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से इन दोनों सूचकांकों की चाल में मामूली गिरावट भी आई। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.25 प्रतिशत और निफ्टी 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।



शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से हीरो मोटोकॉर्प, डिवीज लेबोरेट्रीज, एशियन पेंट्स, बीपीसीएल और टाइटन कंपनी के शेयर 2.45 प्रतिशत से लेकर 1.20 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टाटा मोटर्स, एलटी माइंडट्री, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, बजाज ऑटो और विप्रो के शेयर 1.06 प्रतिशत से लेकर 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।
अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,240 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,396 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 844 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 21 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 9 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 35 शेयर हरे निशान में और 15 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

# समाज में विभाजन को लेकर वर्ग विशेष के लोगों को किया जा रहा है भ्रमित, भाजपा समाज की एकजुटता के लिए प्रतिबद्धः मदन राठौड़

## जनप्रतिनिधियों को अपने व्यवहार में रखनी चाहिए शालीनता और धैर्य, इन गुणों से किसी भी आवेशित व्यक्ति को भी किया जा सकता है शांतः मदन राठौड़

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों को अपने व्यवहार में शालीनता और धैर्य रखना चाहिए क्योंकि शालीनता से किसी भी आवेशित व्यक्ति को शांत किया जा सकता है। जनप्रतिनिधि जनता के सेवक है और जनसेवक बनकर ही सेवा भाव से प्रत्येक नागरिक की समस्या के समाधान का प्रयास करना चाहिए। वहीं दूसरी ओर राठौड़ ने आगामी उप चुनावों में बिना किसी गठबंधन के चुनाव लड़ने का दावा करते हुए कहा कि उपचुनावों में भाजपा किसी भी ऐसे दल या राजनैतिक पार्टी के साथ गठबंधन करने वाली नहीं है जो समाज को तोड़ने का कार्य करती है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि राजधानी में एक शौर्य चक्र सम्मानित पूर्व सैनिक फरियाद लेकर जनप्रतिनिधि के पास पहुंचता है और वहां उसकी समस्या का समाधान तो दूर उसके साथ मारपीट जैसी घटना जनप्रनिधियों के असंयमित व्यवहार को दर्शाता है। जनप्रतिनिधियों को नागरिकों के साथ व्यवहार में संयम बरतना चाहिए और समस्या का समाधान नहीं होने पर शांति एवं शालीनता से समझाइश की जानी चाहिए। राठौड़ ने कहा कि आवेशित फरियादी की शालीनता से फरियाद सुनी जाए तो वह भी शांत हो जाएगा। ऐसे में प्रदेश के सभी जनप्रतिनिधियों से मेरा निवेदन है कि जनसेवक बनकर जनता की सेवा करें और उनकी समस्याओं का समाधान करें।




भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पत्रकारों के बीएपी से गठबंधन को लेकर किए सवाल के जवाब में कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग के लिए तैयार है लेकिन किसी भी ऐसे राजनैतिक दल से सहयोग नहीं किया जाएगा जो समाज को तोड़ने का कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि कुछ राजनेता समाज को तोड़ने का कार्य कर रहे है। इतना ही नहीं, समाज में विभाजन को लेकर वर्ग विशेष के लोगों को भ्रमित करने का कार्य कर रहे है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका प्रयास और सबका विकास की नीति पर कार्य करते हुए समाज को एकजुट करने के संकल्प के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे में फिर चाहे कोई भी राजनैतिक दल या राजनेता समाज को तोड़ने का कार्य करेगा तो हमें इस पर आपत्ति है। भाजपा उसको सहयोग नहीं करेगी। इस दौरान मंच पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, भाजपा प्रदेश मंत्री अजीत मांडण, महेंद्र कुमावत और प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गंभीर नदी ने बह गया चहल निवासी विष्णु जाटव का मिला शव

- एसडीआरएफ ने 26 घंटे बाद निकाला शव मृतक के गांव में छाई शोक की लहर





**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)।** जिले में रुदावल के चहल गांव में गुरुवार को गंभीर नदी की सपाट पर फिसल कर नदी में बह गये 30 वर्षिय श्रमिक विष्णु के शव को करीब 26 घंटे बाद शुक्रवार को एसडीआरएफ की टीम ने नदी से निकाल लिया। गंभीर नदी की सपाट को पार करते समय नदी में बह गए श्रमिक का शव घटनास्थल से करीब 5 किलोमीटर दूर मिला। गौरतलब है कि करौली के पांचना बांध से इस बार गंभीर नदी में काफी पानी छोड़ा गया है। जिसके कारण गंभीर नदी पानी से लबालब चल रही है। गांव की सपाट पर 4 फीट पानी चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नदी के बहाव में बहता विष्णु बचाने के लिए चिल्लाता रहा लेकिन पानी के बहाव को देखकर कोई भी उसे बचाने की हिम्मत नही जुटा पाया और बह देखते ही देखते नदी के पानी मे ओझल हो गया।

### फसल खराब होने पर मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)।** जिले के नदबई ग्रामीण क्षेत्र में विगत दिनों लगातार बारिश होने से फसल खराब होने के मामलें में खराब फसल की गिरदावरी करते हुए मुआवजे की मांग करते हुए किसानों ने लखनपुर उपतहसील कार्यालय पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन दौरान ग्रामीणों ने किसानों को आर्थिक नुकसान होने व पशुओं को चारे की समस्या होने के बारे में बताया। बाद में किसानों ने खराब फसल की गिरदावरी कराते हुए मुआवजा दिलाने की मांग की। इस दौरान पूर्व सरपंच कमलदीप व समय सिंह, महेश लखनपुर, लोकेन्द्र कटारा, चन्द्रशेखर पंडित आदि मौजूद रहे। गौरतलब है कि, नदबई क्षेत्र में विगत दिनों लगातार बारिश होने से करीब दो दर्जन से अधिक गांवों में किसानों की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई।

### दो वर्ष की डीपीसी हुई सम्पन्न

- राजस्थान सहकारिता सेवा के 75 अधिकारी हुए पदोन्नत

**चमकता राजस्थान। जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर में आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में सहकारी विभाग में कार्यरत राजस्थान सहकारिता राज्य सेवा के 75 अधिकारियों को पदोन्नत किया गया है। वर्ष 2023-24 में सहकारिता सेवा के 29 अधिकारियों एवं 2024-25 में 46 अधिकारियों को पदोन्नत किया गया है। वर्ष 2023-24 के लिये संयुक्त रजिस्ट्रार से अतिरिक्त रजिस्ट्रार के पद पर 1, उप रजिस्ट्रार से संयुक्त रजिस्ट्रार के पद पर 2, सहायक रजिस्ट्रार से उप रजिस्ट्रार के पद पर 9 तथा सहकारी निरीक्षक से सहायक रजिस्ट्रार के पद पर 17 अधिकारियों को पदोन्नत किया गया है। वर्ष 2024-25 के लिये अतिरिक्त रजिस्ट्रार से अतिरिक्त रजिस्ट्रार (सीनियर स्केल) के पद पर 3, संयुक्त रजिस्ट्रार से अतिरिक्त रजिस्टार के पद पर 7, उप रजिस्ट्रार से संयुक्त रजिस्ट्रार के पद पर 10, सहायक रजिस्ट्रार से उप रजिस्ट्रार के पद पर 11 तथा सहकारी निरीक्षक से सहायक रजिस्ट्रार के पद पर 15 अधिकारियों को पदोन्नत किया गया है। संयुक्त रजिस्ट्रार तथा सहायक रजिस्ट्रार के एक-एक पद के लिये रिव्यू डीपीसी भी गई। माननीय न्यायालय के आदेशों की पालना में उद्योग विभाग से सहकारिता विभाग में समायोजित किये गये निरीक्षकों की रिव्यू डीपीसी भी आयोजित की गई।

## बजरी माफियाओं ने मचाया तांडव, किया लग्जरी कार को आग के हवाले

### बिना रॉयल्टी के बजरी भरे डंपर ले जाने को लेकर हुआ विवाद

चमकता राजस्थान

चित्तौड़गढ़ (बाबू अग्नानी) चित्तौड़गढ़! दो गुटों के बीच लाठी भाटा जंग के बीच चित्तौड़गढ़ जिले के कपासन थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो स्कॉर्पियो गाड़ियों को जप्त कर लिया। अवैध बजरी परिवहन और रॉयल्टी वालों के बीच हुए इस मामले के दौरान एक कार को आग के हवाले कर दिया गया।जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सवेरे कपावन क्षेत्र में छपरी गांव की ओर स्पीड से आ रही स्कॉर्पियो गाड़ी का तीन गाड़ियां पीछा कर रहीं थीं। आगे चल रही स्कॉर्पियो गाड़ी के गांव में प्रवेश करते ही होली थड़ा में एक टूटी नाली में टायर फंस जाने से इस दौरान गाड़ी में सवार लोग मौके से भाग निकले।इस दौरान पीछे से आ रही दूसरी स्कॉर्पियो गाड़ी ने फंसी हुइ गाड़ी में टक्कर मार दी। इसके बाद लाठी डंडों से दूसरी गाड़ी में सवार लोगों पर हमला कर दिया। इसके बाद स्कॉर्पियों में आग लगा कर मौके से फरार हो गए। इस दौरान एक अल्टो कार भी छापरी के पास क्षतिग्रस्त मिली। गांव के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और जलती स्कॉर्पियो की आग बुझाई। घटना के समय आसपास कई



लोग मौजूद थे, लेकिन किसी ने भी तत्काल आग के बुझाने का प्रयास नहीं किया, एवं जली हुई कार का वीडियों बनाते रहे।

घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जली हुई स्कार्पियो और पास में खड़ी दूसरी स्कार्पियो गाड़ी को जब्त कर ली। एक ग्रामीण के अनुसार, उसके घर के बाहर धमाके की तेज आवाज आई। जब वह बाहर निकाला तो एक स्कॉर्पियो गाड़ी नाली में फंसी हुई थी, जबकि दूसरी उसके मकान की चार दीवारी से टकराई हुइ थी। जिसमें से निकले चार-पांच लोग नाली में फंसी गाड़ी में आग लगा कर भागते दिखाई दिए। ग्रामीणों के अनुसार, स्कॉर्पियो एक दूसरे का पीछा कर रही थी। घटना स्थल के पास ही आगे चल रही स्कार्पियों ने टक्कर मार दी थी। जिससे वो दूर जा गिरा, जिसके बाद नाली में फंसी गाड़ी में सवार लोग भाग खड़े हुए। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो उससे पहले सभी लोग फरार हो चुके थे।पुलिस के अनुसार, पांडोली स्टेशन पर मौके से दो स्कॉर्पियो जप्त की गई है। उनके नंबर के आधार पर उनके मालिकों का पता किया जा रहा है। संभवतया यह मामला अवैध बजरी परिवहन और रॉयल्टी ठेकेदारों के बीच का हैं। इसमें किसी के घायल होने या मारपीट होने जैसी अभी कोई जानकारी नहीं मिली है। यहां यह उल्लेखनीय है कि गत दिनों बजरी माफियाओं को मामले को लेकर बेगूं क्षेत्र से बड़ी संख्या में आए ग्रामीणों ने चित्तौड़गढ़ मुख्यालय पर प्रदर्शन किया था, एवं एक जनप्रतिनिधि पर आरोप लगाया था कि उसकी श्रेय पर अवैध रूप से बेगूं क्षेत्र में नाके लगा रखे है, जहां बजरी वालो से अवैध रूप से वसूली की जा रही है,हालंकि जिन्होंने वसूली का आरोप लगाया उनके द्वारा भी बनास नदी से अवैध रूप से बजरी लाने का काम गत कई समय से किया जा रहा है। समय रहते खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही नहीं की गई तो चित्तौड़गढ़ में बजरी माफियाओं के बीच गैंगवार हो सकती है।

## राजकीय अंबेडकर छात्रवासों में कठिन विषयों की कोचिंग हेतु गेस्ट फैकल्टी हेतु आवेदन 16 सितंबर तक

- विद्या संबल योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए आवेदन किये गए आमंत्रित

**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 30 अगस्त।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जयपुर ग्रामीण में संचालित राजकीय अंबेडकर छात्रावासों में कठिन विषयों (गणित, अंग्रेजी, विज्ञान) के लिए विषय विशेषज्ञ अनुभवी व्यक्तियों को अस्थायी गेस्ट फैकल्टी के लिए आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक कृष्णकांत सांखला ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विद्या संबल योजना के तहत आवासित कक्षा 9 से 12 के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं हेतु कोचिंग के लिए गेस्ट फैकल्टी रखी जायेगी। संबंधित सेवा नियमों में अंकित योग्यता व पात्रता रखने वाले अनुभवी सेवानिवृत कार्मिक तथा निजी अभ्यर्थियों को गेस्ट फैकल्टी के रूप में लगाया जायेगा। चयनित अभ्यर्थियों को प्रति घंटे की दर से मानदेय का भुगतान किया जावेगा।उन्होंने बताया कि योजना के अन्तर्गत तुंगा, बस्सी, बांसखोह, जमवारामगढ़, नायला, चाकसू, कोटखावदा, फुलेरा, सांभरलेक, गोविन्दगढ़, उदयपुरिया, अमरसर, राडावास, मनोहरपुर, शाहपुरा एवं राजकीय सवित्री बाई फुले कन्या छात्रावास शाहपुरा के लिए आवेदन 16 सितंबर 2024 तक कर सकते हैं। जयपुर ग्रामीण के प्रत्येक छात्रावास के लिए पृथक-पृथक आवेदन करना होगा। आवेदन पत्र वर्तमान में संचालित ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी कार्यालय, बस्सी, चाकसू, जमवारामगढ़, सांभरलेक, गोविंदगढ़, एवं शाहपुरा, जिला- जयपुर ग्रामीण में प्रस्तुत किये जा सकते हैं। आवेदन पत्र उपनिदेशक सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग, जयपुर (ग्रामीण) से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही कार्यावधि एवं मानदेय के संबंध में विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है।

## चार दिवसीय पशुधन गणना प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

- सितंबर से दिसंबर, 2024 तक आयोजित होगी 21वीं अखिल भारतीय पशुधन गणना
- पशुधन गणना की बारीकियों से रूबरू हुए 600 से ज्यादा पर्यवेक्षक एवं प्रगणक




**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 30 अगस्त।** भारत सरकार द्वारा सितंबर, 2024 से दिसंबर, 2024 तक 21वीं अखिल भारतीय पशुधन गणना का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिसके तहत जिला-जयपुर, जयपुर ग्रामीण, दूदू, कोटपुतली-बहरोड़ के पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों के लिए चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में स्टेट नोडल अधिकारी डॉ. सुनिता सेजरा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कीपशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. हनुमान सहाय मीणा ने बताया कि आगरा रोड स्थित राजस्थान राज्य पशु प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान में दिनांक 27 अगस्त से 30 अगस्त 2024 तक आयोजित प्रशिक्षण शिविर में चारों जिलों के 610 पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को विषय विशेषज्ञों द्वारा पशु गणना की बारीकियों से रूबरू करवाया गया।अतिरिक्त निदेशक डॉ. दिनेश कुमार राणा की मौजूदगी में आयोजित हुए प्रशिक्षण शिविर में उपनिदेशक डॉ. राजेश साहनी, जिला नोडल अधिकारी डॉ. रामलाल, डॉ. दल सिंह मीणा, डॉ. बुद्धिप्रकाश मीणा, डॉ. लेखराज नारवाल द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## जेडीए भवन विनियम में विशेष योग्यजन के प्रावधानों के उल्लंघनकर्ताओं के विरूद्ध करेगा कार्यवाही

चमकता राजस्थान

जयपुर! (खलील कुरैशी) 30 अगस्त। आयुक्तालय, विशेष योग्यजन, जयपुर द्वारा संज्ञान में लाया गया है कि जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर के क्षेत्राधिकार में स्थित कई निर्मित परियोजनाओं में भवन विनियम में विशेष योग्यजन हेतु उल्लेखित प्रावधानों की पूर्ति नहीं की जा रही है। आयुक्तालय, विशेष योग्यजन से कई अनुमोदित प्रकरणों में अनियमिताओं बाबत शिकायत प्राप्त हुई हैः- Mangiam Aadhar, Vaishali estate, Gandhi Path W Jaipur, Manglam Arpan Residency, Mansarovar, Jaipur, Kedia The Palm, Vaishali Nagar, Jaipur, Ashiyana Ekansh, Bhankrota, Jaipur, Ashiyana Umang, Amer Road, Jaipur साथ ही वास्तुविद श्री अक्षित ठौलिया द्वारा प्रोजेक्ट सेवन-हेवन, राजस्व ग्राम सिरसी, गांधीपथ एवं वास्तुविद रिकी माथुर द्वारा प्लॉट नम्बर सी-212, 213. गौतम मार्ग, हनुमान नगर, वैशाली नगर, जयपुर द्वारा विशेष योग्यजन हेतु उल्लेखित प्रावधानों की मौके पर पूर्ति नहीं होने के पश्चात भी पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने बाबत आपत्ति प्राप्त हुई है। जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर की भवन मानचित्र समिति बिल्डिग प्लान की 300वीं बैठक दिनांक 21.08.2024 में संबंधित विकासकर्ता एवं वास्तुविद के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों हेतु चर्चा की गई। जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने बताया कि आयुक्तालय, विशेष योग्यजन से प्राप्त पत्रों/ निर्देशों के क्रम में प्रश्नगत परियोजनाओं की जल्द मौका रिपोर्ट करते हुए, विशेष योग्यजन के प्रावधानों के अनुरूप मौके पर निर्माण नहीं पायें जाने पर संबंधित विकासकर्ता एवं वास्तुविद् को नोटिस जारी किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये है।भविष्य में भी मौके पर समस्त परियोजनाओं में विशेष योग्यजन को सुगम व्यवस्था उपलब्ध करवाने की दृष्टि से विकासकर्ता एवं वास्तुविद के द्वारा प्रचलित भवन विनियमानुसार विशेष योग्यजन हेतु उल्लेखित प्रावधानों की पालना सुनिश्चित करवाई जावें तथा इस हेतु समस्त उपायुक्त जोन को भी निर्देशित किया गया।जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर द्वारा उक्त प्रावधानों के उल्लंघनकर्ताओं के विरूद्ध नियमानुसार आवशयक कार्यवाही की जायेंगी।

## रिलायंस की ऑनलाइन एजीएम से कनेक्ट हुए रिकॉर्ड 5.52 लाख लोग

चमकता राजस्थान

नई दिल्ली, 30 अगस्त, 2024: अरबपति मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की ऑनलाइन वार्षिक आम बैठक में 5.52 लाख से अधिक शेयरधारकों व अन्य लोगों ने हिस्सा लिया। बड़ी संख्या में एजीएम में शामिल होकर शेयरधारकों ने पिछले सभी रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। पिछला रिकार्ड 2023 में हुई एजीएम का था, जिसमें करीब 4.30 लाख लोगों ने हिस्सा लिया था। 2022 में यह संख्या 3.90 लाख रही थी। कोविड महामारी के समय से ही कंपनी वर्चुअल एजीएम करती आ रही है। लाखों की तादाद में शेयरधारक घर बैठे कंपनी की आमसभा में भाग ले सकें, इसके लिए कंपनी ने कई बड़े तकनीकी इंतजाम किए थे। वीडियो कॉलिंग ऐप 'जियोमीट' पर हुई कंपनी की एजीएम में मूक बधिरों के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई थी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रवक्ता ने कहा कि अधिक से अधिक शेयरधारकों का एजीएम में शामिल होना, कंपनी में शेयरधारकों के विश्वास को दिखाता है। 5.52 लाख से अधिक लोगों का जियोमीट पर जुड़ना एक बड़ी उपलब्धि है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929